# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 11 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 214 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया में बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर ◀◀ 6


## ग्रामीणों ने चोरों की बाइक व पिकअप वैन को किया आग के हवाले, जान बचाकर भागे चोर

संवाददाता

**रांची:** राजधानी के ग्रामीण इलाकों में बैटरी चोरों का आंतक चरम पर है। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में बैटरी चोर ग्रामीणों के हाथ आने से बच गए, लेकिन चोरों का पिकअप वैन और बाइक ग्रामीणों के हाथ लग गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक सभी चोर टावर की बैटरी चुराने के



लिए गांव में घुसे थे।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में बैटरी चोर गिरोह के पिकअप वैन और दो बाइक को आग के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की आधी रात चार से पांच की संख्या में चोर पतरातू गांव में स्थित एक मोबाइल टावर का बैटरी चुराने के लिए पहुंचे थे। बैटरी टावर से खोलने के दौरान ही कुछ ग्रामीण नींद से जाग गए, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो चोर अपने वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने चोरों को काफी दूर तक खदेड़ा भी लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर सभी फरार होने में कामयाब रहे।

**ग्रामीण इलाके में सक्रिय है बैटरी चोर गिरोह :** रांची के ग्रामीण इलाकों में खासकर ठाकुर गांव, बुढ़मू, चान्हो और मांडर में बैटरी चोर गिरोह का नेटवर्क सक्रिय है। यह गिरोह अपने साथ चोरी की बैटरी को ढोने के लिए पिकअप वैन लेकर साथ चलते हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

**जमशेदपुर।** प्रेमजाल में फंसाकर जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र के सुविधा ओयो होटल में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं, दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने नाबालिग का वीडियो भी बनाया। अब वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवक नाबालिग को ब्लैकमेल कर रहा था। इसे लेकर साकची थाना में पीड़िता नाबालिग के बयान पर हल्दीपोखर के कारगिल निवासी मो साबीर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग का एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच कराया। इसके बाद कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने नाबालिग का बयान कराया गया। दूसरी ओर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इसकी तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, नाबालिग अपने मामा के घर हल्दीपोखर आती जाती थी। वहीं, आने-जाने के क्रम में पड़ोस में रहने वाले साबीर से उसकी दोस्ती हो गयी। दोनों पिछले एक साल से मोबाइल पर एक दूसरे के साथ बातचीत करते थे। इसी क्रम में साबीर ने नाबालिग को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। फिर एक मार्च को साबीर ने उसे मिलने के बहाने साकची बुलाया और उसे बहला कर होटल ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया घर लौटने के बाद नाबालिग ने इसकी जानकारी घरवालों को दी, जिसके बाद मामला साकची थाना पहुंचा।

## आरबीआई ने घटाया रेपो रेट, अब मिलेगी राहत

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार, 9 अप्रैल को घोषणा की कि केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती का निर्णय लिया है। इस कटौती के बाद नई रेपो दर अब 6% हो गई है. यह फैसला तीन दिवसीय बैठक में लिया गया, जो सोमवार, 7 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल को समाप्त हुई। गवर्नर मल्होत्रा ने यह भी बताया कि मौद्रिक नीति का रुख न्यूट्रल से बदलकर अब समायोजी कर दिया गया है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में महंगाई और विकास के संतुलन को ध्यान में रखते हुए ब्याज दरों में और नरमी की संभावना हो सकती है।

**फरवरी में हुई थी पांच साल बाद की पहली कटौती :** भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2025 में रेपो रेट में 0.25% की कटौती की थी. यह फैसला करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद लिया गया, जब ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ था.। उस समय रेपो रेट को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया गया था।

**2024-25 की आखिरी मौद्रिक समीक्षा में लिया गया था फैसला :** यह कटौती चालू वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में की गई थी. फरवरी की इस बैठक में फ्ङक ने आर्थिक सुस्ती और महंगाई में संभावित नरमी को ध्यान में रखते हुए दरों में राहत देने का निर्णय लिया था।

## झाड़ियों में मिला महिला का शव दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**दुमका:** तालझारी थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक महिला की पहचान कर ली है। मामले के संबंध में परिजनों ने महिला के साथ दुष्कर्म कर के हत्या करने की आशंका जताई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते दिन महिला, रामनवमी का मेला देखने गई थी। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने मेले में जाकर महिला को ढूंढा। जब महिला कहीं नहीं मिली तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

**पुलिस डॉग स्क्वायड की ले रही है मदद :** इधर सुबह गांव की कुछ महिलाओं की नजर महिला का शव पर पड़ा। महिलाओं ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद तालझारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। पुलिस ने मामले में बताया है कि घटनास्थल पर खून के निशान मिले हैं। इसके साथ ही मृतक महिला के शरीर पर जख्म के निशान भी हैं। घटनास्थल के आसपास महिला के कई सामान और शराब की बोतलों को पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद से घटनास्थल पर साक्ष्य जुटा रही है।

झाड़ियों में एक महिला का शव बरामद किया गया है। अभी कुछ भी बताना संभव नहीं हैं। घटना की छानबीन की जा रही है। उसके बाद ही खुलासा हो पाएगाः अजीत कुमार यादव, तालझारी थाना प्रभारी

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव और हॉल्ट के बीच काफी सुनसान इलाका पड़ता है। जहां शाम से ही शराबियों एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। महिला का शव भी इसी स्थान पर मिला है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला इसी रास्ते से मेला से वापस घर लौट रही होगी और असामाजिक तत्वों का शिकार हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीण आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## धनबाद में 2 जगहों पर एनआईए की छापामारी 50 किलो से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट मिला

**निरसा (धनबाद)।** एनआईए की टीम ने बुधवार को चिरकुंडा के लायकडीह निवासी अमरजीत शर्मा के आवास और कलियासोल प्रखंड के बोरियो गांव में स्थित गोदाम में छापेमारी की। गोदाम में प्रवेश करते ही टीम हैरान रह गई। टीम को भारी मात्रा में जिलेटिन एवं विस्फोटक सामग्री बरामद मिली है।

मामले की जानकारी होते ही गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। एनआईए की टीम अमरजीत के बड़े भाई संजय शर्मा को पकड़ कर उसे अमरजीत के गोदाम लाकर छापेमारी कर रही है। यहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद की गई है। जिसकी गिनती टीम कर रही है।

हालांकि, इस संबंध में एनआईए की टीम कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। अमरजीत उक्त गोदाम में पूर्व में मुर्गा फार्म खुले हुए था। लगभग 5 वर्ष पूर्व आंधी तूफान के दौरान एस्बेस्टस शीट उड़ गया था। उसके बाद से वह गोदाम में क्या काम करता था ग्रामीणों को इसकी कोई जानकारी नहीं है। एनआईए टीम की छापेमारी के बाद ग्रामीण भौचक है। इधर पता चला है कि अमरजीत बंगाल में अवैध रूप से विस्फोटक की बिक्री करता है। इसका गलत इस्तेमाल भी हो रहा है। छापेमारी में एनआईए की टीम को लगभग 50 किलो से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट मिला है। एमोनियम नाइट्रेट का का इस्तेमाल बम बनाने में होता है। साथ ही लगभग एक हजार पीस से ज्यादा जिलेटिन मिला है। टीम ने अमोनियम नाइट्रेट को वजन करने के लिए कांटा मंगवाया है।

## हमारे विश्वास का केंद्र है नवकार महामंत्र, जैन धर्म खुद को जीतने की प्र्रेरणा देता है: पीएम

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जैन धर्म के सबसे पूज्य और सार्वभौमिक मंत्र “नवकार महामंत्र” का सामूहिक जाप किया। इस दौरान उन्होंने “नवकार महामंत्र दिवस” कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि “नवकार महामंत्र” विनम्रता, शांति और सार्वभौमिक सद्भाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में भाग लेकर मुझे खुशी हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, “नवकार महामंत्र” सिर्फ एक मंत्र नहीं है। यह हमारे विश्वास का केंद्र है और इसका महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं है। यह हमारे जीवन का मूल स्वर है। यह स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक



की यात्रा है। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है।

उन्होंने आगे कहा, “जब हम नवकार महामंत्र का जाप करते हैं, तो हम 108 दिव्य गुणों का नमन करते हैं और मानवता के हित को स्मरण करते हैं। यह मंत्र हमें याद दिलाता है कि ध्यान और कर्म ही जीवन की सच्ची दिशा हैं। गुरु ही प्रकाश हैं और वह मार्ग वही है, जो हमारे भीतर से निकलता है।

पीएम मोदी ने बेंगलुरु का जिक्र करते हुए कहा, “मैं “नवकार महामंत्र” की आध्यात्मिक शक्ति को अब भी अपने भीतर अनुभव कर रहा हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं बेंगलुरु में ऐसे ही एक सामूहिक मंत्रोच्चार का साक्षी बना था, आज वही अनुभूति हुई और उतनी ही गहराई में हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, “नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुश्मन बाहर नहीं है, दुश्मन भीतर है। नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वे शत्रु हैं, जिन्हें जीतना ही असली विजय है। यही कारण है कि जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि जीवन के 9 तत्व हैं। ये 9 तत्व जीवन को पूर्णता की ओर ले जाते हैं। इसलिए हमारी संस्कृति में नव का विशेष महत्व है। नवकार महामंत्र का यह दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा।

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, “विकसित भारत अपनी संस्कृति पर करेगा। इसलिए हम अपने तीर्थंकरों की शिक्षाओं को सहेजते हैं। जब भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का समय आया तो हमने देश भर में उसे मनाया। आज जब प्राचीन मूर्तियां विदेश से वापस आती हैं, तो उनमें हमारे तीर्थंकर की प्रतिमाएं भी लौटती हैं। आपको जानकर गर्व होगा कि बीते वर्षों में 20 से ज्यादा तीर्थंकरों की मूर्तियां विदेश से वापस आई हैं।

## भारत लाया जा रहा मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा, एनआई कस्टडी में लेगी



**नई दिल्ली :** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर बुधवार को भारत लाया जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण रोकने की याचिका को खारिज कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाएगी।

यह स्पष्ट नहीं है कि उसे दिल्ली लाया जाएगा या मुंबई। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि उसके मुंबई में उतरने की संभावना है, जहां 26/11 की योजना को अंजाम दिया गया था। सूत्रों ने यह भी कहा कि वह शुरूआती कुछ सप्ताह एनआईए की हिरासत में बिताएगा।

राणा को 2008 के मुंबई हमले में 157 लोग मारे गए थे।

अमेरिकी अदालत ने भारत में उसके प्रत्यर्पण को रोकने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। यह अर्जी मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के समक्ष प्रस्तुत की गई थी।

27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष 'बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन' प्रस्तुत किया था।

इससे पहले, राणा 13 फरवरी को दायर अपनी याचिका के गुण-दोष के आधार पर मुकदमेबाजी (सभी अपीलों की समाप्ति सहित) तक अपने प्रत्यर्पण और भारत के समक्ष आत्मसमर्पण पर रोक लगाने की मांग कर रहा था।

उसने तर्क दिया कि भारत को उसका प्रत्यर्पण अमेरिकी कानून और संयुक्त राष्ट्र के यातना विरोधी कन्वेंशन का उल्लंघन है, क्योंकि उसे भारत में यातना का खतरा है। हालांकि, कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया।

भारत ने 7 मार्च को कहा था कि वह राणा के प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी।

## बिहार में एक और बड़ा एनकाउंटर, मारा गया लाखों का इनामी



**बांका :** बिहार के बांका जिले से बड़ी खबर सामने आई है. जहां कुख्यात अपराधी और एक लाख रुपये का इनामी रमेश टुडु उर्फ टेंटुआ को एसटीएफ और कटोरिया पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात एक मुठभेड़ में मार गिराया. यह मुठभेड़ कटोरिया थाना क्षेत्र के कलोथर जंगल में हुई, जहां रमेश टुडु अपने साथियों के साथ छिपा हुआ था। रमेश टुडु मूल रूप से कटोरिया थाना क्षेत्र के दामोदरा पंचायत अंतर्गत बुढीघाट गांव का रहने वाला था और गांव के ही मटरू टुडु का पुत्र था. उसके खिलाफ जमुई जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, अपहरण और आर्म्स एक्ट समेत कुल 11 मामले दर्ज थे. वह जमुई जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था और लंबे समय से फरार चल रहा था.

**कलोथर जंगल में हुआ मुठभेड़ :** बांका एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रमेश टुडु कलोथर जंगल की ओर मूव कर रहा है. इसके बाद रळऋ और कटोरिया पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी की. इसी दौरान रमेश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की और मुठभेड़ में उसे ढेर कर दिया गया।

**सर्च ऑपरेशन में पुलिस को मिला कार्बाइन :** मुठभेड़ के बाद जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें एक कार्बाइन बरामद हुआ है. अन्य हथियारों की बरामदगी को लेकर सघन तलाशी अभियान अब भी जारी है। रमेश टुडु के शव को कटोरिया रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर अमित महाजन और डॉक्टर मुकेश कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस पूरी कार्रवाई में बांका एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा, एसडीपीओ राजकिशोर कुमार, कटोरिया इंस्पेक्टर बबलू कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय और अपर थानाध्यक्ष सुभाष पासवान समेत रळऋकी विशेष टीम शामिल थी।

## गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन: खड़गे बोले, यह सरकार विपक्ष को बोलने नहीं देती

**गांधीनगर :** गुजरात में कांग्रेस के दो दिवसीय अधिवेशन में बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पिछले 11 सालों से सत्ता में है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि विपक्ष के किसी भी नेता को सदन में अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता है। खड़गे ने आगे कहा, “यहां तक कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी बोलने नहीं दिया जाता है। ऐसे में आप इस बात का सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि जब लोग राहुल गांधी सरीखे नेता को बोलने नहीं दे रहे हैं, तो भला इस देश के आम लोगों को कैसे बोलने देंगे? यह अपने आप में बड़ा सवाल है, जिस पर हम सभी को एकजुट होकर विवेचना करनी होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार का बोलने पर भी पहरा है। उन्होंने कहा, मौजूदा हुकूमत अगर विपक्ष की अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार कर रही है, तो यह बात बड़ी आसानी से समझी जा सकती है



कि यह सरकार किस मानसिकता के साथ काम कर रही है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि इस सरकार की यह मानसिकता इस मुल्क के आवाम के लिए कतई ठीक नहीं होगी।”

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने अधिवेशन को लेकर उठाए जा रहे तमाम सवालों का भी मंच से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 140 साल के इतिहास में 86 अधिवेशन हुए। इनमें 6 अधिवेशन गुजरात की धरती पर हुए, जिनमें 3 अहमदाबाद शहर में हुए। अहमदाबाद हमारे लिए तीर्थ स्थल जैसा है। यहां साबरमती आश्रम है, सरदार पटेल राष्ट्रीय स्मारक है। यह अधिवेशन महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है और सरदार पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। बेलगावी में 26 दिसंबर को हमने घोषणा की थी कि हमारा अगला अधिवेशन गुजरात में होगा। महात्मा गांधी ने देश को नहीं बल्कि पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया और इसी तरीके से आजादी भी दिलाई। दुनिया भर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमाएं हैं और डाक टिकट जारी हुए हैं। यह दिखाता है कि उनके उसूलों का कितना सम्मान है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के निर्माण में गुजरात का अमूल्य योगदान रहा है। यहां पैदा हुई तीन महान हस्तियों- दादाभाई नौरो, महात्मा गांधी, सरदार पटेल - ने पूरे विश्व में अपना और कांग्रेस का नाम रोशन किया है। ये सभी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। हमारे महान नेता सरदार पटेल ने देश की रियासतों का एकीकरण करके एक मजबूत राष्ट्र बनाया। इस साल 31 अक्टूबर को हम पूरे देश में सरदार पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाएंगे। कल उनकी श्रद्धांजलि के रूप में विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक सरदार पटेल स्मारक में आयोजित की गई। हमें फक्र है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस गुजरात में ही 1938 में कांग्रेस अध्यक्ष बने। संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष रहे बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन को प्रभावित करने में गुजरात का बड़ा योगदान रहा है। हम जहां यह अधिवेशन कर रहे हैं - वह 'प्रेरणा भूमि' है। यहीं से 12 मार्च 1930 को 79 सत्याग्रहियों के साथ अंग्रेजों के खिलाफ दांडी मार्च निकाला गया था। इस सत्याग्रह से अंग्रेजी हुकूमत हिल गई थी। उन्होंने कहा कि इसी के 75 साल बाद 2005 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में एक और दांडी यात्रा निकाली गई थी, जिसने देश के नौजवानों को प्रेरित किया था। गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी गांव-खेत-गरीब की पार्टी बनी थी। वे पंक्ति में खड़े अंतिम लोगों के बारे में सोचते थे। अंत्योदय गांधी की ही सोच थी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम को लेकर भी केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। कहा कि जहां एक तरफ पूरी दुनिया बैलेट पेपर की तरफ लौट रही है, वहीं दूसरी तरफ हम आज भी अपनी चुनावी प्रक्रियाओं को संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर आश्रित हैं और ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर हमेशा से ही सवाल उठते आ रहे हैं, लेकिन अफसोस मौजूदा सरकार इस दिशा में किसी भी प्रकार का कदम उठाती हुई नजर नहीं आ रही है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इस सरकार ने ऐसे तरीके ईजाद कर लिए हैं, जिससे उन्हें फायदा पहुंचे, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में इस देश के नौजवान उठ खड़े होंगे और कहेंगे कि हमें ईवीएम नहीं चाहिए। बता दें कि कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन गुजरात में हो रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से नेता शामिल होने पहुंचे हैं। इस अधिवेशन में सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए, लेकिन इस बैठक में प्रियंका गांधी शामिल नहीं हुईं, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस अधिवेशन की शुरूआत झंडावंदन से हुई। इसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने विभिन्न मुद्दों का जिक्र कर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार निशाना साधा।

## न्यूज ब्रीफ



### नौ दिन से चल रहे रामचरित मानस पाठ और भगवत कथा संपन्न

**मुरी :** सिल्ली लोदमु में चल रहे नवान्हपारायण महायज्ञ रामचरित मानस पाठ और भगवत कथा पाठ का जानकी शास्त्री के कथा पाठ से सम्पन्न हुआ।इस मौके पर आयोजकों द्वारा भंडारे लगाए और आस पास के सैकड़ों लोग आकर भंडारे में चल रहे प्रसाद वितरण को ग्रहण किया। अंतिम तिथि को लेकर शाम से महिलाओं ने अपने घरों से थाली में आरती लेकर राम सीता मंदिर में परिक्रमा किया। अन्य मंदिरों में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इसे सफल बनाने में स्थानीय लोगों में माथुर महतो, विक्रम सिंह मुंडा,इन्द्रजीत महतो, प्रफुल्ल प्रजापति,महेन्द्र महतो, पंचानन, संतोष,दामुल चन्द्र महतो, अरविंद,कान्तु यादव, दुर्गा यादव, ओमप्रकाश, बैजनाथ,केनाराम, बद्रीनाथ, दिनेश,बलराम, रोबिना, विजय , गोपाल बेदिया आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### राज्यपाल से मिला गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची :** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को आश्रम के गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही 26 मई को आर्य वीर दल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल में गुरुकुल के आचार्य शरच्चंद्र आर्य, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, ओम प्रकाश सिंह, भूषण प्रसाद एवं गुप्तेश्वर गुप्ता शामिल थे।

### सीईसी के झारखंड दौरे को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार मंगलवार को निर्वाचन सदन में समीक्षा बैठक की। के। रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे।

बताया कि 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से सम्बन्धित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची में के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा।

### सीयूजे में गूंजा जनजातीय अधिकारों का मुद्दा



**रांची:** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ। आशा लकड़ा ने मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड का दौरा किया और वहां कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं से संबंधित गंभीर मुद्दों की समीक्षा की। डॉ। लकड़ा ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि इंटरनल ग्रीवांस सेल का गठन शीघ्र किया जाए, जिसमें एक महिला और एक अनुसूचित जनजाति समुदाय का प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से शामिल हो। उन्होंने कहा कि यह सेल संस्थान के भीतर एसटी समुदाय के लिए न्याय की पहली सीढ़ी होगी।

**अनुकंपा नियुक्तियों में घोर लापरवाही :** समीक्षा के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। डॉ। लकड़ा ने बताया कि कोरोना काल में दिवंगत डॉ। वाटर वे, दीपक कुमार (एलडीसी), सुमन रंजनी और नेहा (जूनियर इंजीनियर) के आश्रितों को अब तक न तो अनुकंपा आधारित नियुक्ति मिली है और न ही कोई आर्थिक या सामाजिक राहत। विश्वविद्यालय को निर्देश दिया गया है कि इन सभी मामलों की रिपोर्ट तैयार कर आयोग को अविलंब भेजी जाए। डॉ। लकड़ा ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय में एसटी वर्ग के छात्रों की संख्या चिंताजनक रूप से कम है। इस पर उन्होंने कुलपति को निर्देश दिया कि नामांकन अभियान चलाया जाए, जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के छात्र भी विश्वविद्यालय की योजनाओं और कोर्सेज से जुड़ सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का अवसर भी मिलना चाहिए। इसके लिए उन्होंने पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्किल ट्रेनिंग व करियर गाइडेंस जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही। डॉ। लकड़ा ने विश्वविद्यालय में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए स्पष्ट नियमावली के अभाव को गंभीर मुद्दा बताया और जल्द से जल्द नीति तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही, एसटी वर्ग के सहायक प्रोफेसर के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज करने की सिफारिश की।

**शिक्षा के अधिकार को मिलेगा नया आयाम :** उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को यूजीसी की गाइडलाइन्स के अनुसार फीस संरचना पारदर्शी बनाने और छात्रवृत्तियों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, सरकारी योजनाओं का लाभ जब तक जरूरतमंद तक नहीं पहुंचे, तब तक वे केवल कागजी घोषणाएं हैं। इस दौरे के दौरान डॉ। आशा लकड़ा ने विश्वविद्यालय में कार्यरत एसटी प्रोफेसर्स, नॉन-टीचिंग स्टाफ और छात्रों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनकी संवेदनशीलता और सशक्त दृष्टिकोण ने उपस्थित लोगों में आशा और विश्वास का संचार किया।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# सीएम के विदेश दौरे से संबंधित व्यय की भी स्वीकृति

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान की गई। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय में लिपिक संवर्ग की भर्ती, प्रोन्नति नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावे मंत्रिपरिषद ने एविएशन टर्बाइन पर वैट की दर बढ़ाते हुए चार प्रतिशत से 12% करने का निर्णय लिया है।

झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग 2 के पद पर न्यायालय के आदेश अनुसार भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति देने की स्वीकृति देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने न्यायालय के आदेश पर झारखंड प्रशासनिक सेवा में रहे दिवंगत सरयू प्रसाद चौधरी के परिजन को पेंशन और उपादान के भुगतान करने का निर्णय लिया है।

सीएम के विदेश दौरे से संबंधित व्यय की स्वीकृति

19 अप्रैल से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तावित स्पेन और स्वीडन यात्रा एवं इससे संबंधित व्यय की स्वीकृति कैबिनेट से प्रदान की गई है। गौरतलब है कि राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्च स्तरीय शिष्टमंडल का विदेश दौरे पर जाने का कार्यक्रम है। इसके अलावे मंत्रीपरिषद ने पंचम राज्य वित्त आयोग के प्रथम प्रतिवेदन को विधानसभा के पटल पर रखने हेतु कार्योपरांत रखने स्वीकृति प्रदान की है।

कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए माइनिंग एवं विनिर्माण कार्य में निबंधित कर देय व्यक्तियों द्वारा हाई स्पीड डीजल की खरीद में लगने वाले वैट को काम करते हुए 22% के स्थान पर 15% करने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा झारखंड ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना की स्वीकृति कैबिनेट की मिल गई है। दूरसंचार विभाग के संबंध में अधिसूचित दूरसंचार मार्ग के अधिकार नियम 2024 को मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कैबिनेट में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु तत्कालीन व्यवस्था के तहत अंशकालिक शिक्षकों के कार्य अवधि में विस्तार लेने की स्वीकृति दी है। मंत्रीपरिषद ने सरकारी माध्यमिक विद्यालय टीजीटी संवर्ग और पीजीटी संवर्ग के रिक्त पदों में से 8900 पदों को 510 सरकारी प्लस टू विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग में प्रत्यर्पित करने का निर्णय लिया है।

**सीएम ने शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न होने पर जताई खुशी :** कैबिनेट के बाद झारखंड मंत्रालय में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते दिनों एक साथ कई त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न होने पर खुशी जताते हुए कहा कि एक साथ इतने त्योहार एक साथ संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि आस्था और परंपरा अक्षुण रहे यह प्रयास लोगों के साथ-साथ हम लोगों को भी रहता है। आगे भी ऐसा ही रहे हम यही कामना करते हैं। वहीं एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोड्डा में अडानी पावर को लेकर उठे मामले को कंपनी और जिला प्रशासन देख रहा है। हमारे संज्ञान में भी मामला आया है। इस संबंध में हम आगे बताएंगे।

### हजारीबाग की चरही घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना

# हादसे तीन की मौत, दर्जन भर बस यात्री घायल



**हजारीबागः** जिले के चरही घाटी के यूपी मोड़ पर मंगलवार शाम लगभग 4:30 बजे एनएच पर भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं एक दर्जन यात्री घायल हो गए हैं।

**कंटेनर ने बस को मारी टक्कर :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चरही घाटी के यूपी मोड़ पर अनियंत्रित धान लदा कंटेनर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में रांची से आ रही राजहंस नामक यात्री बस और एक अन्य मालवाहक वाहन से सीधा टकरा कर पलट गया। इस दुर्घटना में बस का चालक और धान लदे कंटेनर के चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में एक और व्यक्ति की भी मौत हो गई। वहीं टक्कर के कारण बस में बैठे लगभग दर्जन भर यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

**बस चालक और कंटेनर चालक की मौत :** वहीं इस भीषण दुर्घटना के कारण घाटी में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग और राहगीर राहत-बचाव कार्य में जुट गए। वहीं जानकारी मिलने पर चरही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कंटेनर के चालक का दोनों पैर कट गया। जिसमें एक पैर कट कर सड़क पर आ गया और एक पैर वाहन में फंसा रह गया।

चरही पुलिस और आसपास के लोगों की मदद से वाहन में फंसे कंटेनर चालक के शव को बाहर निकाला गया। वहीं बस चालक की गाड़ी के स्टेयरिंग से दबने से मौत हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद बस चालक के शव को भी बाहर निकाला गया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया।

**रांची-हजारीबाग सड़क का एक लेन जाम :** वहीं हादसे के बाद रांची-हजारीबाग सड़क का एक लेन जाम हो गया। लगभग 4 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। वहीं पुलिस की टीम सड़क से गाड़ियों को हटाने में जुटी रही। जाम के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बीजेपी चलाएगी अभियान

## प्रदेश कार्यालय में बैठक के बाद फैसला




**रांचीः** वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वृहत जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर आज 8 अप्रैल को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

**वन नेशन वन इलेक्शन से समय और सरकारी पैसा दोनों बचेंगे :** निर्णय के मुताबिक प्रदेश भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके सुझाव को एकत्रित करने का काम करेगी। बैठक के बाद भाजपा सांसद प्रदीप वर्मा ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए कहा कि यह देश की आम जनता की मांग है कि विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराये जाएं जिससे समय के साथ-साथ सरकारी पैसे का दुरुपयोग ना हो।

प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस संबंध में काफी विचार विमर्श के बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी कमेटी ने अपना रिपोर्ट सौंपा था। उन्होंने कहा कि देश की जनता चाहती है कि जल्द से जल्द वन नेशन वन इलेक्शन की शुरूआत हो। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार तत्पर है।

**वन नेशन वन इलेक्शन से होगा देश को फायदा :** आजादी के समय देश में एक साथ चुनाव कराने की परंपरा थी, मगर बाद के वर्षों में यह बदलता चला गया और आज हालत यह है कि सालों भर देश में कोई ना कोई चुनाव होता ही रहता है। ऐसे में सरकार की मशीनरी चुनाव कार्य में ही लगी ही रहती है। वन नेशन वन इलेक्शन से सरकारी कामकाज के साथ-साथ चुनाव को लेकर होने वाले सरकारी पैसे के खर्चे में भी कमी आएगी।

### हजारीबाग का रामनवमी जुलूस हुआ संपन्न

# झांकी के दौरान 1300 से अधिक लोग हुए घायल, दो रिम्स रेफर

**संवाददाता**



**हजारीबागः** जिले का ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस शांति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। इस बार जुलूस करीब 40 घंटे तक लगातार सड़कों पर रहा। 87 झांकी गुजरने में 40 घंटे का समय लगना खुद में यह बयां करता है कि राम भक्तों का जन सैलाब कितना होगा। अनुमान है कि 5 लाख से अधिक राम भक्तों की भीड़ हुई होगी, जिसमें महिलाओं में उत्साह अधिक देखने को मिला।

**संपन्न हुआ हजारीबाग का रामनवमी जुलूस :** जहां एक और शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न हुआ तो जुलूस में परंपरागत हथियार के साथ प्रदर्शन करने वाले लगभग 1300 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय अब तक के रामनवमी के इतिहास की पहली ऐसी उपायुक्त बनी है, जिन्होंने चार बार लगातार सफलतापूर्वक रामनवमी पर्व संपन्न करने का रिकॉर्ड कायम किया है।

7 तारीख सोमवार को जुलूस रात के 8:00 बजे आसपास के विभिन्न अखाड़ों से निकली थी, जो 9 तारीख बुधवार सुबह के 4:00 बजे के आसपास समाप्त हुई है। समाप्त होने के बाद हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने हजारीबाग वासियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही आभार भी जताया।

**कैसा रहा रामनवमी का माहौल :** जिला प्रशासन ने कहा कि रामनवमी में किसी भी तरह की अप्रिया घटना नहीं घटी है, इसके लिए आप सभी जनता और ड्यूटी में लगे हुए पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। वहीं, रामनवमी जुलूस में सेवा दे रहे पुलिस कर्मियों को तीन दिनों की छुट्टी हजारीबाग एसपी ने दी है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी यह रामनवमी बेहद खास था। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय 100 साल के रामनवमी के इतिहास की पहली ऐसी उपायुक्त बनी है जिन्होंने चार बार लगातार रामनवमी जुलूस सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रशासनिक दायित्व को पूरा की है।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि भगवान का असीम आशीर्वाद है, जिसके कारण ही सफलतापूर्वक पूरी टीम ने भावना के साथ रामनवमी संपन्न कराया है। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए हर्ष का विषय है। चार बार रामनवमी सफलतापूर्वक संपन्न करने का जो जिम्मेदारी मिला उसे पूरा किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए पूरे प्रशासनिक पदाधिकारी और यहां की जनता का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

**झांकी के दौरान 1300 से अधिक लोग हुए घायल :** रामनवमी में पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन करने वाले विभिन्न झांकियां के 1300 से अधिक लोग जख्मी हो गए, जिसमें 350 लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। वहीं, शहर में स्वास्थ शिविर भी लगाए गए थे। वहां लगभग 1000 लोगों का इलाज हुआ है। इनमें 35 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के मेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जबकि घटना में घायल हुए दो लोग रिम्स रेफर भी किए गए हैं।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती घायलों में दीपू कुमार ठाकुर और सुनील कुमार को पेट में चोट लगी है। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि गंभीर रूप से जख्मी हुए रोहित राम, रिंकू सोनी, होरिल साव, सुनील कुमार, महेंद्र महतो, नरेश कुमार, महेश्वर सिंह, पंकज कुमार सहित 35 लोग भर्ती हैं। घायलों के इलाज को लेकर मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में इमरजेंसी विभाग पूरी तरह से खोल दिया गया था। जहां एक साथ आठ डॉक्टर लोगों का इलाज कर रहे थे।

**जगह-जगह पर उपलब्ध थी मेडिकल की सुविधाएं :** इधर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर 20 मेडिकल स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा चार दर्जन से अधिक समाजसेवी के मेडिकल स्टॉल थे। यहां भी आंशिक चोटिल हुए 1000 से अधिक लोगों का इलाज हुआ, जो जख्मी हुए इलाज कराए और फिर अपने काफिला में शामिल हो गए। रामनवमी से निपटने के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में 80 यूनिट विभिन्न ग्रुप के रक्त रिजर्व रखे गए थे लेकिन अब तक किसी को ब्लड की आवश्यकता नहीं हुई।

ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त हैं और लगभग सभी ग्रुप के हैं। ब्लड की कमी के कारण किसी को कोई परेशानी नहीं होगी, जिन्हें भी जरुरत होगी उन्हें ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। ब्लड की परेशानी नहीं हो इसको लेकर हम लगातार शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के ट्रामा सेंटर में कैंप किए हुए थे।

### पूरे विश्व में एक साथ नवकार महामंत्र का हुआ जाप

# डोरंडा स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर से महावीर जयंती पर कल निकाली जाएगी शोभायात्रा

संवाददाता

**रांची** : जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाईजेशन के द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र का जाप कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ एक ही समय पर आयोजित किया गया ।मुख्य रूप से दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उन्होंने भगवान महावीर से अहिंसा और सभी को साथ लेकर चलने की बात कही नवकार मंत्र का जाप लगातार 20 मिनट तक किया और 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र दिवस मनाने की अपील की बात कही उन्होंने कहा कि जैन धर्म प्राचीन काल से चला आ रहा है बहुत सारी मूर्तियां यहां से चोरी होकर विदेश में चली गई थी जो अब धीरे-धीरे लौट कर आ रही है उसी क्रम में जैन धर्म की मूर्तिया भी ऑस्ट्रेलिया से आई जिसे नए संसद भवन में स्थापित किया गया । उन्होंने नौ संकल्प लेने की भी बात कही जिसमें पानी की बचत, एक पेड़ मां के नाम ,योग एवं खेलों को आगे बढ़ाना, स्वच्छता ,लोकल फॉर वोकल , देश दर्शन, नेचुरल फार्मिंग, हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना, गरीबों की



सहायता करना। देश में बने अपने लोगों की पसीने की खुशबू से बने चीजों का उपयोग करना साथ ही युवाओं से आह्वान किया कि आप 9 दिनों तक लगातार सुबह से शाम तक उपयोग में आने वाले वस्तुओं पर ध्यान दें कि कौन सी वस्तु अपने देश में बनी है और कौन से विदेश की बनी वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं धीरे-धीरे कर आप एक-एक विदेशी वस्तुओं का त्याग करें जिससे कि अपने देश को आगे बढ़ाने में आपका योगदान होगा साथ ही जैन धर्म के पांच सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एकता का संदेश पूरे भारत में देते हुए भारत माता की जय बोलने वाले एक मंच पर आकर भारत की प्रगति पर अपना योगदान दे। जीतो के माध्यम से जैन समाज के चारों फिरके पूरे विश्व में एक मंच पर आकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए यह एकता की अद्भुत मिसाल है और झारखंड से संबंधित पारसनाथ स्थित सम्मेदशिखर नई संसद भवन के साउथ बिल्डिंग के दीवार पर अंकित कराया गया है इस बात की जानकारी उन्होंने रखी पूरे कार्यक्रम को डोरंडा स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर में एलईडी के माध्यम से श्वेतांबर जैन समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने लाइव प्रसारण के जरिए लगातार 20 मिनट तक नवकार मंत्र का जाप किया एवं आगे मोदी जी के भाषण को गंभीरता से सुनते हुए उनकी कहीं बातों का अनुसरण करने की बात कही, श्वेतांबर जैन समाज के लोगों ने कहा कि एक साधु संत की तरह माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी जैन समाज के बारे में जानकारी रखते हैं वह अद्भुत है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेतांबर जैन समाज के संरक्षक संपत लाल रामपुरिया अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोथरा सचिव विनय नाहटा, बालवीर जैन, अनिल कोठारी ,अजय कोठारी, संजय कोठारी ,राकेश कोठारी ,शांतिलाल रामपुरिया ,नवीन रामपुरिया ,मनीष जैन, अक्षय जैन, सुशीला सेठिया, प्रभा बोथरा ,सरोज जैन ,प्रीति रामपुरिया, शशि कोठारी ,प्रेमलता नाहटा,मदनलाल बेगानी, दिनेश सेठ, प्रमोद बोथरा , अक्षय सेठिया, रोहित कोचर, चिराग जैन,विवेक राय सुराणा,राजेश बछावत, सहित अन्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस आशय की जानकारी देते हुए रोहित शारदा ने बताया कि डोरंडा स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर से महावीर जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल सुबह 8:00 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो की डोरंडा तुलसी चौक,हाईकोर्ट, नीलम कांप्लेक्स, झंडा चौक ,




## डॉक्टर हाजरा को मिला बेस्ट सर्विसेज अवॉर्ड

**रांची** : भारत विभूषण,छात्र क्लब चिकित्सक मंच के वरीय संरक्षक,प्रख्यात एक्यूपंक्चर स्पाईन विशेषज्ञ डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा को दक्षिण भारत के चर्चित फिल्मों एवं फिल्म तेरे नाम की मशहूर अभिनेत्री भूमिका चावला के हाथों बेस्ट सर्विसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

डॉक्टर हाजरा को यह सम्मान देश की जानी मानी संस्था दी ग्लोबल बिजनेस (गांव से ग्लोबल तक की सफर) ने रांची के होटल रेडिशन ब्लू मे देश के गणमान्य चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं उद्योगपतियों के बीच प्रदान किया गया।

इस मौके पर संस्था के सीईओ सचिन कुमार,को फाउंडर मिक्कू सिंह,काली सिंह,रणधीर शर्मा, रौशन कुमार,अमित कुमार,हर्ष सिंह,प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह,कोयलांचल किंग रणविजय सिंह,छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू,भारत के संपूर्ण इस्कॉन मंदिर के चेयरमैन एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर सौरभ चौधरी,छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अत्री गंगोपाध्याय, सैमफोर्ड हॉस्पिटल के सीईओ भानु प्रताप सिंह,समाजसेवी तीर्थनाथ आदि मौजूद थे।

## नागबाबा खटाल मार्ग पर निगम ने कराया जल छिड़काव

**रांची** : नागबाबा खटाल मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण के कारण काफी धूल उड़ रही थी, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग को स्प्रिंकल मशीनों के जरिए नियमित रूप से जल छिड़काव करने का आदेश दिया। जिसके बाद नागबाबा खटाल वाले रास्ते में निगम ने जल छिड़काव शुरू किया। इससे धूल की समस्या में काफी कमी आयी और लोगों को राहत मिली।



## सफाई कर्मचारियों साथ एन.एस.यू.आई ने मनाया 54 वा स्थापना दिवस

**रांची** : राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का स्थापना दिवस बुधवार रांची में सफाई कर्मचारियों साथ मनाया गया। राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना ने सफाई कर्मचारियों को भोजन, पानी एव मिठाई का वितरण किया एव एनएसयूआई को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 9 अप्रैल 1971 को केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल छात्र संघ परिषद को मिलाकर एनएसयूआई छात्र संगठन की स्थापना की थी. तब से हर वर्ष 9 अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्र राजनीति में है और देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन एक प्रेरणादायी स्तम्भ के रूप में कार्यरत है. ।एनएसयूआई ने छात्र अधिकारों के लिए अपनी उत्कृष्ट लड़ाइयों के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं और छात्रों की आवाज को मजबूती प्रदान की है।

# बुढ़वा महादेव मंदिर में दान पेटी का ताला तोड़कर चोरों ने की चोरी



संवाददाता

**रांची** : रातू थाना अंतर्गत रिंग रोड, सिमलिया, नयाटोली स्थित महादेव सोकरा शिव मंदिर में बीते 7 अप्रैल 2025 दिन सोमवार लगभग आधी रात को अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर दान पेटी का सारा रकम चोरी कर लिया। इस बाबत सिमलिया निवासी सह भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर दान की सारी राशि व अन्य सामान को चुरा लिया जाना, कितनी निंदनीय है, इसकी जितनी भी निंदा कि जाए कम है? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि चाहे आमजन हो या खास या व्यवसायिक कारोबारी हो कोई भी अपराधियों की अपराध की घटना का शिकार होते रहते हैं! आए दिन राह चलते चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, नशाखोरी, तस्करी की घटना खुलेआम घटती रहती है। जब पुलिस मुख्यालय के सामने महिला पुलिसकर्मी की पर्स की छिनतय हो जाती है और पुलिस मूकदर्शक बनकर रह जाती है? इससे दुर्भाग्यपूर्ण रांची, झारखंड के लिए क्या हो सकता है? लगता है बिहार की तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव की सरकार में जंगलराज की पुनरावृत्ति झारखंड की हेमंत सरकार में हो रही है जो अपराधी इस तरह बेलगाम हो रहे हैं जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता की विषय है? यदि लॉ एंड ऑर्डर ऐसा ही रहा तो झारखंड में अपराधियों का ही बोलबाला और राज होगा? उन्होंने कहा कि कई महीने पहले आए दिन सिमलिया नयाटोली में ग्रामीणों की में चोरी की घटना घटती रहती थी परंतु मेरे द्वारा ग्रामीणों की सक्रियता से कुछ चोरों को पड़कर रातू थाना को सुपुर्द किया गया था जिसके कारण कुछ दिनों तक चोरी की घटना कम हुई थी, परंतु फिर से मंदिर की दान पेटी से दान की राशि को चुरा लिया जाना कितनी निंदनीय है। कहा कि हम माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एवं माननीय डीजीपी साहब को आग्रह के साथ कहना चाहूंगा कि लॉ एंड ऑर्डर को इतना दुरुस्त किया जाए कि पुलिस, वकील, जज, महिला, स्कूली छात्राएं एवं कोई भी कारोबारी के साथ आम जनता जो भुक्तभोगी हो रहे हैं, अपराधियों के शिकार हो रहे हैं,उनको राहत मिल सके, और रातू थाना प्रभारी प्रयास करते हुए चोरों को धरझ पकड़ करने के लिए कुछ ऐसा अभियान चलाएं ताकि ऐसी अपराधीक घटना बंद हो। जिससे क्षेत्र की जनता अमन चैन के साथ निर्भीक होकर निवास कर सके।

## 10 अप्रैल को मांस-मछली व मुर्गा की दुकानें रहेंगी बंद, आदेश जारी

**रांची** : 10 अप्रैल को राज्य भर में मांस, मुर्गा व मछली दुकान बंद रहेंगे। भगवान महावीर जयंती को लेकर यह आदेश जारी किया गया है। राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्र व पंचायत क्षेत्र में इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक, महावीर जयंती के दिन मांस-मछली व मुर्गा की बिक्री और क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अगर कोई दुकानदार मांस, मुर्गा या मछली बेचता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड वक्फ नोटिस के बाद भी नहीं देता है संपत्ति का ब्यौरा : अभिषेक



**रांची** : भाजपा रांची महानगर नेता अभिषेक सिंह राठौर ने कहा कि झारखंड में वक्फ बोर्ड के पास कुल 698 चल-अचल संपत्तियां हैं. इसमें सबसे अधिक 309 चल-अचल संपत्ति रांची में है. राज्य में वक्फ की जो संपत्ति है, उसका हिसाब बोर्ड को नहीं दिया जा रहा है. झारखंड वक्फ बोर्ड ने संपत्ति की देखरेख करनेवाली कमेटियों को कई बार नोटिस किया है. इसके बावजूद किसी कमेटी ने हिसाब नहीं दिया है. बोर्ड ने कमेटी को अंतिम नोटिस देते हुए कहा है कि तय समय के अंदर हिसाब-किताब का ब्योरा नहीं दिया गया, तो वर्तमान कमेटियों को भंग कर दिया जायेगा भारत सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने वक्फ की संपत्तियों से संबंधित आंकड़े जुटाये हैं. इसके अनुसार, रांची में वक्फ बोर्ड की 309 चल-अचल संपत्ति है. दूसरे स्थान पर हजारीबाग में 195 चल-अचल संपत्ति है. गुमला, खूंटी, लातेहार, सिमडेगा और सरायकेला ऐसे जिले हैं, जहां वक्फ बोर्ड की कोई संपत्ति नहीं है रांची के बुंडू प्रखंड में सबसे अधिक 295 संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास है. अनगड़ा में सात, बेड़ो में दो, इटकी में एक, कांके में एक, खलारी में दो तथा राहे में एक संपत्ति वक्फ के नाम है ।


### कार्यालय, जिला परिषद, राँची
(अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/01/2025-26

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Repair renovation and of Rajya shram Sansthan building at Doranda, Dist - Ranchi | 51,73,900 | 1,05,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 02 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिल्ली राँची का भवन निर्माण से संबंधित अतिरिक्त कार्य। | 89,48,500.00 | 1,80,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.04.2025
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय – 21.04.2025 से 28.04.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि – 29.04.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0 – 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, राँची एवं भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

PR.NO.349941 Panchayati Raj(25-26):D

जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ
email:-sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना सर्वसाधारण के लिए

Sch-II
Forms
Form No-5 PROCLAMATION RECUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(See Section 82)

Whereas a complaint has been made before me that दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप जी उर्फ भुलु पिता–भदवा गंझु माता–रुदवा गंझु पता–देवगढ़ थाना–बड़कागाँवजिला–हजारीबाग **Diwakar Ganjhu@Pratapjee@Bhulu S/o-Bhadwa Ganjhu &Rudwa Ganjhu Vill-Devgarh PS-BadkagaonDist-Hazaribag** (Name, Description and Address) has committed (or is suspected to have committed) the offense of extortion and criminal conspiracy using arms punishable under Section 385/387/427/435/379/120B/34 IPC, 25(1-B)a/26/27/35 Arms Act & 17 CLA Act. It has been returned to a warrant of arrest there upon issue that said Diwakar Ganjhu@Pratapjee@Bhulu cannot be found and wheeas it has been shown to my satisfaction that the Said Diwakar Ganjhu@Pratapjee@Bhulu has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warranty).

Proclamation is here by made that the said Diwakar Ganjhu@Pratapjee@Bhulu accused of **Patratu (Bhurkunda) PS Case No-135/24, Dated-21.05.2024 u/s-385/387/427/435/379/120B/34 IPC, 25(1-B)a/26/27/ 35 Arms Act & 17 CLA Act.** Is required to appear at……**Ramgarh**……(Place) before this court (or before me) to answer the said complaint on……….the………**25th**…….day of……**March 2025**………………………

**Dated-this……25th……. day of…..February 2025…………**

**Rohit Kumar**
**25/02/2025**
**J.M.F.C, (Seal of the court) Ramgarh**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदी फरार प्राथमिकी अभियुक्त दिवाकर गंझु उर्फ प्रतापजी उर्फ भुलु कही मिलते/देखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़/Court of Sri Rohit kumar, J.M.F.C, Ramgarh के न्यायालय में इसकी सूचना दे ताकि निम्नांकित फोन नंबर पर सम्पर्क कर इसकी जानकारी दे।

पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामगढ़:–9631076114
थाना प्रभारी भुरकुण्डा थाना रामगढ़:–9431706323

PR.NO.349977 District(25-26):D

पुलिस अधीक्षक
रामगढ़।


# एआइओएस के सम्मेलन में शामिल हुए नेत्र चिकित्सक डॉ.अभिषेक कुमार सिंह

### कैटरैक्ट व रिफ्रैक्टिव सर्जरी पर अपने विचारों और अनुभवों को किया साझा

मेट्रो रेज

**रांची/नई दिल्ली।** राजधानी रांची के जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ व मीनाक्षी नेत्रालय के व्यवस्थापक डॉ.अभिषेक कुमार सिंह नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया ऑप्थेल्मिक सोसायटी (एआइओएस) के 83वें वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। विगत तीन से छह अप्रैल तक नई दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (यशोभूमि) में आयोजित सम्मेलन

40वें एशिया पेसिफिक एके-डमी ऑफ आप्थेलमोलोजी कांग्रेस-2025 के तत्वावधान में किया गया था। उक्त तीन दिवसीय




अधिवेशन में बतौर मॉडरेटर भाग लेने के लिए रांची के प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया था।

डॉ.सिंह ने सम्मेलन के दौरान 4 अप्रैल को आयोजित सत्र में एक मॉडरेटर के रूप में परफेक्ट रिफ्रैक्टिव सॉल्यूशन की नई तकनीक पर प्रकाश डालते हुए अपने विचारों और अनुभवों को साझा किया।

सम्मेलन के विशेष सत्र में डॉ.सिंह ने नेत्र रोग से संबंधित कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। विशेष सत्र का आयोजन डॉ.अंजुम मजहरी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर पैनलिस्ट के रूप में रजत गोयल, अनुषा अजवानी, सोनम यंगजेश, डॉ.पुष्पराज सिंह, डॉ.राकेश गुप्ता, डॉ.पीयूष तिवारी, डॉ.अमित गुप्ता, डॉ.प्रवीण, डॉ.डी विश्वास सहित अन्य शामिल थे।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## महंगे ईंधन की मार

**ऐसे वक्त** में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तुगलकी फैसलों से दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकौले खा रही है, देश में बढ़ी महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। निस्संदेह, सरकार का कोई भी फैसला देश के व्यापक व दूरगामी लक्ष्यों को लेकर होता है। वैसे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले विभिन्न कर केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिकी के लिये प्राणवायु जैसे होते हैं। लेकिन सरकारों को राजस्व जुटाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। उन मदों में समय-समय पर वृद्धि करना, जो पहले से ही लोगों पर भार डाल रहे हों, सुशासन की दृष्टि से तर्कसंगत नजर नहीं आता। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। सरकार के तमाम मौद्रिक उपाय महंगाई पर काबू पाने में सफल नहीं हो सके हैं। कोरोना संकट के बाद आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि भी नहीं हो पायी है। इससे जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। ये तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों के दौरान तेल का खेल होता रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कमी की थी। हाल में फिर उसमें वृद्धि कर दी गई है। वैसे तो सरकार को भी पता है कि पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई की एक शृंखला पैदा होती है। लेकिन लगता है कि टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नुकसान की भरपाई सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ाकर करना चाहती है। यूं तो हम अपने प्रत्यक्ष लाभ-हानि को दृष्टिगत रखते हैं, जबकि सरकार को व्यापक दृष्टिकोण के साथ दूरगामी फैसले लेने होते हैं। वैसे नागरिकों के हित राष्ट्रहित से अलग नहीं हो सकते। लेकिन फिर भी ऐसे फैसले लेते वक्त संवेदनशील दृष्टि अपनाना जरूरी है।

वहीं दूसरी ओर विपक्ष केंद्र सरकार के फैसले को एक अवसर के रूप में देखकर हमलावर हुआ है। उसकी दलील है कि केंद्र का पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि का फैसला तार्किक नहीं है। ऐसे वक्त में जब अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, तो इस मूल्य वृद्धि का क्या औचित्य है। यह भी कि सरकार जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का बोझ जनता के कंधे पर डाल देती है, तो कीमतें घटने का लाभ भी तो उसे मिले। सरकार की दलील है कि पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया तो है लेकिन बोझ जनता पर नहीं पड़ेगा। सरकार के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। मगर लोगों की चिंता है कि देर-सवेर सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले दरवाजे से वृद्धि कर सकती है। तेल कंपनियां भी कब तक बढ़े उत्पाद शुल्क वहन करेंगी। वैसे भी सरकारें अपने बजट को संतुलित करने के लिये गाहे-बगाहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बदलाव करती रही हैं। हालांकि, सरकार को पता है कि तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई की नई शृंखला पैदा हो जाती है। माल-भाड़े में वृद्धि से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाती है। डीजल के दामों से वृद्धि से खेती की लागत बढ़ती है, जिससे अनाज की महंगाई बढ़ती है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र भी इस वृद्धि से प्रभावित होता है। लेकिन लगता है कि महंगाई की तुलना में टैरिफ प्रभावों को संतुलित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर कोई कारगर रणनीति बनानी ही होगी। देश का विपक्ष भी बार-बार पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि की तार्किकता को लेकर सवाल उठाता रहा है। कुछ लोग इन पदार्थों को जीएसटी के अधीन लाकर मूल्यों को तार्किक बनाने की बात करते हैं। लेकिन विपक्ष शासित राज्य इसे राज्यों के वित्तीय संसाधनों पर केंद्र की दखल के रूप में देखते हैं। लेकिन लगता है कि जब तक दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता का वातावरण बना हुआ है केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों को राजस्व जुटाने का जरिया बनाना जारी रखेगी।

# 09 अप्रैल 1669 : औरंगजेब ने हिन्दू मंदिरों को गिराने का दिया था आदेश

औरंगजेब के इस आदेश के बाद पूरे भारत में मंदिरों को तोड़ने का अभियान चला । कुल कितने मंदिर तोड़े गये इसकी संख्या कहीं नहीं मिलती । सेना जिस बड़े और प्रसिद्ध मंदिर को ध्वस्त करती तो उसकी सूचना दरबार में भेजी जाती। इन सूचनाओं का उल्लेख औरंगजेब की जीवनी में मिलता है ।

**रमेश शर्मा**

लगभग सभी विदेशी आंक्राताओं ने भारतीय संस्कृति को नष्ट कर अपने रंग में रूपांतरित करने का अभियान छेड़ा है । सबका अपना-अपना तरीका रहा। अंग्रेजीकाल में भ्रम फैलाकर तो सल्तनतकाल में ताकत और तलवार के जोर पर। मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपनी सत्ता और शक्ति से पूरे भारत से सनातन धर्म को समाप्त करने का अभियान चलाया और भारत के सभी हिन्दू मंदिरों को नष्ट करने का आदेश दिया। यह आदेश 09 अप्रैल 1669 को निकाला गया था। भारत के इतिहास में औरंगजेब की गणना सबसे क्रूर शासकों में होती है । उसकी क्रूरता का अनुमान इसी से है कि उसने अपने पिता को कैद में डाला और भाइयों की हत्या करके गद्दी पर अधिकार किया था । वह केवल क्रूर ही नहीं था। उसकी क्रूरता यहीं तक नहीं रुकी थी। औरंगजेब का सबसे बड़ा भाई दारा शिकोह पिता के लिये अति प्रिय था। औरंगजेब ने दारा शिकोह का सिर काटकर पिता को तोहफे में भेजा था। उसने अपने एक बेटी को जेल में डाल दिया था और एक बेटे की मौत का फरमान जारी किया था।

औरंगजेब केवल क्रूर ही नहीं बहुत चालक और कूटनीतिक भी था । उसने अपनी क्रूरता और चालाकी को ढंकने के लिये कुछ धमार्चार्यों और लेखकों की एक टोली जमा कर रखी थी । भला कौन सा पंथ पिता को कैद में डालने और भाइयों की हत्या करने वाले को अच्छा कहेगा । लेकिन औरंगजेब की इस चाटुकार टोली ने उसके हर क्रूर कामों पर पर्दा डाला । दुनिया के सभी पंथ मानवता की बात करते हैं। अपनी विशेषताओं से समाज को प्रभावित कर-के अपनी राह में शामिल करते हैं। किन्तु औरंगजेब का अभियान इंसानियत पर नहीं, तलवार के जोर पर था।

उसने पूरे भारत को रूपांतरित करने का अभियान चलाया । औरंगजेब ने न केवल मतान्तरण न करने वाले हिन्दुओं पर जजिया बढ़ाया और सख्ती से वसूली के आदेश दिये अपितु अपने साम्राज्य के अंतर्गत आने वाले सभी 21 सूबों में मंदिरों को तोड़ने का आदेश भी जारी किया । हिन्दुओं को सार्वजनिक तौर पर सभी तीज त्यौहार मनाने पर रोक लगा दी । 09 अप्रैल 1669 को जारी हुये इस आदेश का उल्लेख औरंगजेब की जीवनी पर आधारित पुस्तक ह्यमआसिर-ए-आलमगीरीह्ल में है। इस पुस्तक के लेखक औरंगजेब के दरबारी साकी मुस्ताइद खान हैं । इसके अतिरिक्त इस आदेश का उल्लेख वाराणसी गजेटियर के पेज नंबर-57 पर भी है । यह गजेटियर 1967 में प्रकाशित हुआ था ।

औरंगजेब के इस आदेश के बाद पूरे भारत में मंदिरों को तोड़ने का अभियान चला । कुल कितने मंदिर तोड़े गये इसकी संख्या कहीं नहीं मिलती । सेना जिस बड़े और प्रसिद्ध मंदिर को ध्वस्त करती तो उसकी सूचना दरबार में भेजी जाती। इन सूचनाओं का उल्लेख औरंगजेब की जीवनी में मिलता है । औरंगजेब के शासन में उन स्थानों को भी धूल धूसरित किया गया जो पहले किसी शासक ने तोड़े तो थे । लेकिन स्थानीय श्रद्धालुओं ने इन खंडहरों को थोड़ा सुधार कर भजन पूजन आरंभ कर दी थी ।

इनमें अयोध्या, मथुरा, काशी और सोमनाथ मंदिर भी थे। औरंगजेब के प्रपितामह अकबर ने अयोध्या में चबूतरा बनाकर भजन पूजन की अनुमति दे दी थी लेकिन औरंगजेब ने उस चबूतरे को भी ध्वस्त करके मस्जिद परिसर में शामिल करने का आदेश दिया। सोमनाथ मंदिर का विध्वंश 1025 में मेहमूद गजनवी ने किया था । मथुरा आदि अन्य स्थानों में भी पूर्व आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त मंदिर स्थलों में थोड़ा-बहुत सुधार करके भजन प्रार्थना आदि होने लगे थे। लेकिन औरंगजेब की सेना ने सनातन के इन सब खंडहर को भी दोबारा तोप से उड़ाया। वहाँ जितने श्रद्धालु मिले वे या तो मार डाले गये अथवा मतान्तरण करने की शर्त पर ही जीवित छोड़े गये ।

औरंगजेब के इस आदेश से जिन मंदिरों को पुनः तोड़ा गया उनमें सोमनाथ के अतिरिक्त काशी विश्वनाथ मंदिर, मथुरा में केशवदेव मंदिर, अयोध्या में रामलला मंदिर, अहमदाबाद का चिंतामणि मंदिर, बीजापुर का मंदिर, वड़नगर के हथेश्वर मंदिर, उदयपुर में झीलों के किनारे बने 3 मंदिर, विदिशा का बीजामंडल, उज्जैन के सभी मंदिर, सवाई माधोपुर में मलारना मंदिर आदि थे । औरंगजेब के इस आदेश से आदेश से मथुरा का वह गोविन्द देव मंदिर भी तोड़ दिया गया जो 1590 में राजा मानसिंह द्वारा बादशाह अकबर की अनुमति से बनवाया था।

औरंगजेब के आदेश से मंदिरों का विध्वंस करने के साथ वे सभी विद्यालय भी नष्ट कर दिये गये जिनमें भारतीय पद्धति से शिक्षा दी जाती थी। ग्रंथालय जला दिये गये और शिलालेख तोड़ दिये गये थे । ताकि भारत की आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवमयी इतिहास और परंपराओं से अवगत ही न हो सकें। औरंगजेब के आदेश पर ध्वस्त किये गये अधिकांश मंदिर स्थलों पर मस्जिदों का निर्माण कराया । अयोध्या में जन्मस्थान पर बनी मस्जिद के विस्तार के साथ हनुमान गढ़ी पर भी एक मस्जिद का निर्माण कराया गया । इसके अतिरिक्त स्वर्गद्वीर मंदिर और ठाकुर मंदिर स्थल पर मस्जिद निर्माण के आदेश दे दिये गये ।

यद्यपि अकबर के शासन काल में भी मंदिरों का विध्वंस हुआ था किंतु कहीं-कहीं पूर्व में विध्वंस किये गये मंदिरों के खंडहरों में पूजन पाठ की अनुमति दे दी गई थी। लेकिन औरंगजेब ने सार्वजनिक स्थलों पर सनातन परंपराओं के पूजन पाठ पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। औरंगजेब के पूरे शासन काल में इस आदेश का पूरी सख्ती से पालन किया गया । बाद के शासनकाल में आदेश तो यथावत रहा पर इसके क्रियान्वयन में कुछ शिथिलता रही। औरंगजेब ने भारत पर लगभग 49 वर्ष तक शासन किया। उसका पूरा शासनकाल विध्वंस और क्रूरता से भरा रहा। वह जिस स्थान पर गया वहां उसने क्रूरता का कैसा कहर बरपाया इसका विवरण स्वयं उसकी जीवनी में है। जिसका अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं में भी अनुवाद उपलब्ध है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर।

**योगेन्द्र योगी**

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड? लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरूआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कैंची धाम जाने का सही दिन और रूट जानें

चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जी का अवतरण हुआ था। इसी वजह से हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्त हनुमान जी के दर्शन के लिए मंदिर जाते हैं। भारत में हनुमान जी से जुड़े कई ऐसे मंदिर हैं, जो भक्तों के लिए काफी विशेष महत्व रखते हैं। वहीं बाबा नीम करोली को भी हनुमान जी का बड़ा भक्त माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि बाबा नीम करोली को हनुमान जी के साक्षात दर्शन हुआ थे। तो वहीं कुछ लोग बाबा नीम करोली को हनुमान जी का अवतार भी मानते हैं। इसी वजह से हर साल भारी संख्या में भक्त बाबा नीम करोली के आश्रम पहुंचते हैं और वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। ऐसे में अगर आप भी बाबा नीम करोली के आश्रम जाना चाहते हैं, तो आप हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर जा सकते हैं। यह दिन कैंची धाम की यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त होगा। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैंची धाम की यात्रा कैसे करें और इसके लगभग कितना खर्च आएगा।

**ऐसे पहुंचे कैंची धाम :** उत्तराखंड के नैनीताल शहर के पास कैंची धाम में नीम करोली बाबा का आश्रम है। अगर आप दिल्ली से कैंची धाम की यात्रा पर जाते हैं, तो सबसे पहले आपको नैनताल पहुंचना होगा। दिल्ली से नैनीताल की दूरी 324 किमी है। आप ट्रेन या बस से साढ़े छह-सात घंटे में नैनीताल पहुंच सकते हैं। नैनीताल से कैंची धाम आश्रम की दूरी महज 17 किमी है। यहां पर सड़क मार्ग के जरिए पहुंच सकते हैं। नैनीताल से कैंची धाम आश्रम पहुंचने के लिए आप किराए पर स्कूटी ले सकते हैं।

**हवाई अड्डा या रेलवे स्टेशन :** अगर आप हवाई यात्रा करके कैंची धाम आश्रम आते हैं, तो यहां का सबसे करीबी एयरपोर्ट 70 किमी दूर पंतनगर है। फिर यहां से आप नीम करोली पहुंचने के लिए टैक्सी या बस कर सकते हैं। वहीं अगर आप ट्रेन से आना चाहते हैं, तो नजदीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम है। जहां से आश्रम की दूरी 38 किमी है।

**जानिए कितना आएगा खर्च :** अगर आप दिल्ली से नैनीताल ट्रेन या फिर बस से जा रहे हैं, तो करीब 300 से 800 रुपए टिकट पर खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं आगे का सफर आप बस या टैक्सी से कर सकते हैं। ऐसे में दिल्ली से बाबा नीम करोली के आश्रम तक पहुंचने के लिए 700-1000 रुपए तक खर्च आ सकता है। वहीं आश्रम में आपको रहने के लिए शयनगृह तक निजी कमरे मिल जाते हैं। यहां पर रुकने का किराया 200 रुपए प्रतिदिन हो सकता है। वहीं आपको खाने-पीने के लिए खर्च करना पड़ेगा।

**इन चीजों को करें एक्सप्लोर :** बता दें कि आप कैंची धाम में नीम करोली बाबा के आश्रम घूमने के साथ ही वहां के निवासी भिक्षुओं द्वारा आयोजित सत्संग में भाग ले सकते हैं।

## सेहत

### हीटवेव से बचना जरूरी

अप्रैल के महीने में तापमान काफी इजाफा हो रहा है। धीरे-धीरे गर्मी अपना प्रचंड रुप दिखाने लगी है। ऐसे में आईएमडी ने हाल ही में दिल्ली समेत राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आपको सावधान रहने की जरुरत है। अब आपको तेज गर्मी में लू से कैसे बचें इस लेख में हम आपको बताएंगे।

**हीट स्ट्रोक के लक्षण**

**शरीर का तापमान बढ़ना :** हीट स्ट्रोक का सबसे बड़ा लक्षण है शरीर का तापमान अचनाक 40त्ञ या इससे अधिक भी हो जाता है। इस दौरान पसीना आना बंद हो जाता है, शरीर की ठंडा होने की प्रक्रिया फेल हो जाती है।

**सिरदर्द और चक्कर आना :** लू लगन से तेज सिरदर्द होना और पानी की कमी होने लगती है, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी जैसी समस्याएं देखने को मिलती है।

**त्वचा का गर्म या लाल होना :** लू लगने के बाद स्किन लाल, ड्राई और गर्म हो जाती है। पसीना निकलना बंद हो जाए, तो यह बड़ी गंभीर समस्या हो सकती है।

**मतली और उल्टी होना :** हीट स्ट्रोक के दौरान जी मिचलना, पेट में जलन, मतली और उल्टी होने लगती है।

**मांसपेशियों में ऐंठन होना :** डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस कारण मांसपेशियों में ऐंठन या हाथ-पैरों में दर्द होने लगता है।

**दिल की धड़कन तेज होना :** हीट स्ट्रोक के कारण हार्ट बीट भी तेज हो जाती है, क्योंकि यह शरीर को खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा मेहनत करता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पाकुड़ विधायक ने जलापूर्ति, बिजली और शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने सोमवार को साहिबगंज सर्किट हाउस में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।इस बैठक में मुख्य रूप से जलापूर्ति,बिजली और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर गहन चर्चा हुई और विधायक ने इन क्षेत्रों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आईटीडीए पदाधिकारी संजय दास,विद्युत विभाग के एसी नाथन रजक,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा,आरई एक्सक्यूटिव देवीलाल हसदा, स्पेशल डिवीजन एक्सक्यूटिव रमाकांत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।विधायक आलम ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सख्त निर्देश दिए कि क्षेत्र में जितने भी जलमीनार खराब पड़े हैं।उनकी मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू किया जाए।अभियंता ने विधायक को भरोसा दिलाया कि एक महीने के भीतर सभी जलमीनारों को ठीक कर दिया जाएगा।इसके अतिरिक्त, विधायक ने चापाकलों की मरम्मत के लिए जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने और एक विशेष टीम गठित कर इस कार्य को प्राथमिकता देने का आदेश दिया।सप्लाई वाटर कनेक्शन से संबंधित दिक्कतों पर भी चर्चा हुई और विधायक ने आम लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूचना मिलते ही बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाए।उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने और बिजली के तारों की मरम्मत व बदलाव के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया।शिक्षा विभाग के साथ हुई बैठक में विधायक निसात आलम ने स्कूलों के उन्नयन क्लासरूम की मरम्मत,पेयजल व्यवस्था और छात्रों के लिए शौचालय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने खुले हुए स्कूल परिसरों की चहारदीवारी कराने का निर्देश दिया ताकि असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोका जा सके और स्कूलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।विधायक निसात आलम द्वारा की गई यह समीक्षात्मक बैठक क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा

मेट्रो रेज




**साहिबगंज:** शहर के बंगाली टोला स्थित ज़िला कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।बैठक में नवनियुक्त प्रभारी पाकुड़ विधायक निसात आलम ने मुख्य रूप से शिरकत की बैठक में जिला के संगठन के सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई.उक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी,सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सभी मण्डल अध्यक्ष,सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष प्रखण्ड अध्यक्ष,20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सदस्यगण एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहें।बैठक का मुख्य रूप से ग्राम पंचायत,वार्ड स्तर से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत,वार्ड स्तर से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कई सारी निर्देश दिया गया है एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया.निसात आलम ने कहा कि झारखंड में काँग्रेस पार्टी महागठबंधन सरकार में शामिल है और राज्य की जनता के बेहतर विकास के लिए सभी क्षेत्र में काम कर रही है।राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगो को कैसे मिले इसके लिए ग्राम पंचायत,वार्ड स्तर पर कार्यकर्ता जनता से मिलकर उनका सहयोग करें जिससे संगठन और आम लोगो के बीच एक रिश्ता कायम होगा और संगठन मजबूती की ओर अग्रसर होगा।वहीं निसात आलम ने कहा कि पार्टी ने पार्टी में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग प्रकोष्ठ बनाये हैं ताकि सभी वर्ग की भागीदारी पार्टी में हो। इसलिए सभी प्रकोष्ठ जैसे युवाओं के लिए युथ काँग्रेस, महिला काँग्रेस,एस सी कमिटी, एस टी०कमिटी,ओ बी सी कमिटी अल्पसंख्यक कमिटी है। सभी कमिटी के लिए पार्टी ने जिला स्तर पर कमिटी बनाई है वह जिला काँग्रेस कमिटी से मिलकर अपने-अपने वर्ग में संगठन कैसे मजबूत हो इसके लिए लगातार प्रयास करते रहना है।जहाँ भी मेरी जरूरत हो मै आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहूँगी।कांग्रेस के हर कार्यकर्त्ता को जनसेवा में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी होगी तभी हम जनता के साथ जमीनी स्तर पर और बेहतर तरीके से जुड़ सकते हैं.कार्यक्रम में राजमहल प्रखंड से भाजपा के दो वरिष्ठ कार्यकर्त्ता अजय कुमार मंडल एवं पंकज कुमार कर्मकार ने कांग्रेस के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर आज कांग्रेस का दामन थामा.विधायक निसात आलम ने दोनों कार्यकताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाकर दोनों का पार्टी में स्वागत किया.कार्यक्रम में मोहम्मद कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव,अशोक पासवान,नित्यानंद गुप्ता,मो सलाउद्दीन,नावेद अंजुम डालिम, नेहाल अख्तर,बीवी नूरजहां सद्दाम हुसैन,डॉ विमल देव भगत,परवेज आलम,एनुअल हक अंसारी,मोहम्मद बदरुद्दीन,अनीता साह,अनिता कुमारी,मोहम्मद बदरूद्दोजा, मोहम्मद रियाज,आरिफ आलम, तनवीर राजा,ताबिश इकबाल, गुलाम रब्बानी,मुक्लेसुर रहमान, सनाउल्लाह अंसारी, मंटू यादव, मुख्तार अहमद,मोहम्मद नौशाद, सूरज पासवान,खालिक शेख, अली कुरेशी,मो कुर्बान,सोनू कुमार ओझा,कुमार निशांत, मोहम्मद मुरसलीन,लक्ष्मण मंडल,देवेंद्र प्रसाद ठाकुर, शाहिद अख्तर,अजय मंडल,कौसर आलम,मोहम्मद रफी शम्स,अजहर अहमद खान, सतीश कुमार पासवान,मिथुन कुमार मंडल,प्रदीप कुमार, नीताय सरकार राजीव कुमार गुप्ता,महेंद्र पासवान,मनोज ओझा,मोहम्मद अजीज अंसारी, रंजीत टुडू,पंकज कुमार,संजय कुमार,राम सिंगार ओझा,प्रेम बबलू सोरेन,थॉमस टुडू अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल रहे.

## जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित



मेट्रो रेज

साहिबगंज : ज़िला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक तथा कनीय अभियंताओं की उपस्थिति थे।बैठक में विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में 15वें वित्त की राशि की व्यय प्रगति, रॉयल्टी, श्रम शेष एवं कटौतियों के भुगतान की स्थिति योजनाओं से संबंधित बैंक खातों की विवरणी समर्पण, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों की योजनाओं की ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रविष्टि एवं अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 15वें वित्त, पंचायत सुदृढ़ीकरण एवं पंचायत ज्ञान केंद्र के राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र की समीक्षा 15 अप्रैल तक सभी चापाकलों की मरम्मत एवं पेयजल समस्या का शत-प्रतिशत निवारण सुनिश्चित करना, पंचायत सहायक केंद्र की स्थापना एवं पंचायत सहायकों को आवंटित कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रभारी डीपीएम अभिजीत कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम संगठनों का विरोध-प्रदर्शन

- केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

एजेंसी

**जामताड़ा:** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम संगठन के लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किया. इस दौरान लोगों ने शहर में विशाल रैली निकाली और वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की. केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी प्रदर्शन में शामिल मुस्लिम संगठन के लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. साथ ही केंद्र सरकार से अविलंब वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग की.

**वक्फ की संपत्ति हड़पने की साजिश रचने का आरोप**

प्रदर्शन कर रहे मुस्लिम संगठन के लोगों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्ति साजिश के तहत हड़पना चाहती है. इसलिए वक्फ कानूनों में संशोधन किया गया है. प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था वक्फ बोर्ड की संपत्ति मुसलमानों की है. केंद्र सरकार संवैधानिक रूप से उनके अधिकार को खत्म करना चाहती हैं. जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**आंदोलन की दी चेतावनी**

मुस्लिम संगठन के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि वक्फ संशोधन बिल को वापस नहीं लिया गया तो सड़क से लेकर सदन तक

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें : उपायुक्त

मेट्रो रेज



साहिबगंज:समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पदाधिकारी को आमजन की शिकायतों के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के प्रति नागरिकों को आश्वस्त किया। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा व प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में प्राप्त शिकायतें विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त महोदय ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि समाधान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए और निष्पादन की प्रतिपुष्टि फीडबैक उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाए।उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ समस्या निवारण सुनिश्चित करें।

## मजदूरों के प्रदर्शन के बाद आमने सामने कांग्रेस और बीजेपी नेता



मेट्रो रेज

गोड्डा/देवघर: गोड्डा पावर प्लांट के प्रबंधन और रैयतों के बीच का मामला राजनीतिक रंग ले चुका है. ठेकेदारों के बदले जाने से नाराज मजदूरों ने प्रदर्शन किया. जिसमें अब कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे आमने सामने आ गए हैं. रैयतों के पक्ष में उतरे पोड़ैयाहाट विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने रैयतों की मांगों को जायज बताते हुए 14 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया है. उन्होंने कहा कि अगर रैयतों की मांगें नहीं मानी गयी तो कंपनी में काम ठप करा देंगे. प्रदीप यादव फ्रस्ट्रेशन में: निशिकांत दुबे वहीं, विधायक प्रदीप यादव की चेतावनी के बाद गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रदीप यादव फ्रस्ट्रेशन में आ चुके हैं. नई सरकार गठन होने के बाद उनसे जूनियर लोगों को मंत्री बना दिया गया है, लेकिन वह सिर्फ एक विधायक के रूप में ही काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि गोड्डा के संजय प्रसाद यादव और दीपिका पांडेय सिंह को मंत्री बनाया गया है. इसलिए उनके पास अब कोई काम नहीं बचा है. वह सिर्फ गोड्डा पावर प्लांट के नाम पर अपनी राजनीति करना चाहते हैं. सांसद निशिकांत दुबे ने प्रदीप यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है.

# स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कैंप कर त्वरित करवाई करे

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड अंतर्गत खैरवा उपस्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत परसा पहाड़ बाबूपुर परसा, तारापहाड़, पैर गोडा, पैर गोडा मैको गाँव में मलेरिया मामलों की स्थिति सिविल सर्जन के द्वारा साहिबगंज जिला भ्रमण के दौरान कार्यवाही की गई। इस संदर्भ में सिविल सर्जन के नेतृत्व में पांचों गाँव में जिसकी कुल जनसंख्या लगभग 400 है। और कुल 150 परिवार निवास करते हैं। वहाँ हाल ही में मलेरिया पॉजिटिव केस दर्ज किए गए। बढ़ते मामलों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कैंप कर त्वरित करवाई की जा रही है। जबकि सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा प्रभावित गांव का भ्रमण किया गया। जिसमें फरसा गाँव पहुँचे और स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया।

मच्छरदानी का वितरण की गईं। समुदाय को मलेरिया के लक्षण बचाव और समय पर इलाज के बारे में जानकारी दी गई। और जल जमाव न होने देने, साफ-सफाई रखने और मच्छरदानी के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।आशा और एएनएम को प्रत्येक घर का निगरानी करने का निर्देश भी दिये।मलेरिया जांच और उपचार के लिए मेडिकल टीम की तैनाती भी की गई। जो प्रभावित गाँव में मलेरिया के प्रकोप को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सतर्क है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। मच्छरदानी वितरण व समुदायिक सहभागिता से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएमओ डब्ल्यू एच ओ डॉ धरुण प्रसाद,भीबीडी कंसल्टेंट डॉ सती बाबू डाबड़ा, तौसीफ अहमद डीडीएम आईडीएसपी एमटीएस प्रवीर कुमार सिंहा, केटीएस रंजन कुमार, सीएच ओ स्नेहलता, एमपीडब्ल्यू अवधेश एवं सहिया उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### हत्या मामले में बोरिया पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज :** बोरियों थाना क्षेत्र के शहरपुर गांव में एक अधेड़ महिला मकु बेसरा 53 वर्ष की हत्या मामले में बोरिया पुलिस ने एक युवक ताला टुडू को गिरफ्तार किया है।इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि बीते 18 मार्च को बोरियों थाना क्षेत्र के शहरपुर गांव में बोरिया पुलिस ने मकु बेसरा का शव बरामद किया था। पुलिस ने विलीयम हेम्ब्रम के दिए गए आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर मामले का जल्द अनुसंधान करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले का अनुसंधान करते हुए ताला टुडू उर्फ बगराय टुडू शहरपुर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया । पूछताछ के क्रम में ताला टुडू ने अपने सहयोगी के साथ अधेड़ महिला मकु बेसरा की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार किया।साथ ही बताएं कि मृतिका मकु बेसरा का भतीजा बुदलाल मुर्मू एवं एक अन्य व्यक्ति के साथ 16 मार्च के रात्रि को शराब पीकर जगह जमीन को लेकर इस घटना को अंजाम दिया है।बताएं कि मृतिका मकु बेसरा का कोई भी वारिश नहीं था और उसके पास लगभग तीन बीघा जमीन थी ।मकु बेसरा का हत्या करने के बाद शराब के नशे में युवकों ने एक आंख भी फोड़ दिया था।छापेमारी दल में थाना प्रभारी पंकज वर्मा,एस आई दूधनाथ सिंह ,हवलदार धर्मेंद्र मड़ैया, चंद्र प्रकाश दुबे मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षात्मक बैठक आयोजित



साहिबगंज:जिला प्रजनन और बाल स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण माला की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो में समीक्षात्मक बैठक का आयोजित की गयी। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मी सभी स्वास्थ्य उप केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ए0एन0एम0 उपस्थित थे।बैठक में नियमित टीकाकरण की प्रगति गतिविधियों की समीक्षा की गई, गति लाने हेतु और झिझक वाले क्षेत्र कार्यों के लिए विशेष सत्र बनाने के साथ टिकाकरण करने का निर्देश दिया।

### रामनवमी जुलूस में नींबू पानी शरबत का किया वितरण



साहिबगंज/तालझारी: ज़िला अंतर्गत सकरीगली में निकली रामनवमी जुलूस में गंगा जमुना का तरजीव दिखने को मिला।वहां के मुस्लिम युवकों धर्मावल्बियों ने यूनिक गारमेंट्स कपड़ा विक्रेता मो शाहजहां अंसारी व समाजिक कार्यकर्ता आशीष रंजन उर्फ गुड्डू की नेतृत्व में रामनवमी जुलूस में शामिल सभी भक्तों के बीच नींबू पानी,शरबत का वितरण किया गया.वही मो शाहजहां अंसारी ने बताया कि हम सभी हिंदुस्तानी है और आपस में एकता भाईचारे के साथ सदेव हरेक सुख दुःख में हम सभी साथ रहते है। और हरेक पर्व त्यौहार में मिलजुल कर मनाते है। हमारे पूर्वजों ने हमें बचपन से सिखाया है। और हमने पढ़ा भी है हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई हम सभी आपस में भाई भाई है।इसलिए प्रत्येक वर्ष हमलोग मिलजुलकर रामनवमी जुलूस का आयोजन करते है और आगे भी करते रहेंगे।इस अवसर पर मो सिकंदर,मो साजन,मो हसीबुद्दीन,मो राजा,मो शाहरुख,मो जाफर,मो शमशेर,शाफिया प्रवीण,नितेश गुप्ता,सुभाष कुमार,संजय,आदि उपस्थित हुए।

### खराब ट्रांसफार्मर और जर्जर तारों को बदलें: डीसी लातेहार

लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले मे खराब पड़े बिजली के ट्रांसफार्मर व जर्जर तारों को अगली बरसात के पहले बदलने का निर्देश विद्युत कार्यपालक अभियंता को दिया है. उपायुक्त मंगलवार को विद्युत विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे. बैठक में उपायुक्त ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया. उन्होंने सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता को दिया.

इस दौरान उपायुक्त ने आरडीएसएस के तहत चल रहे कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा कर की. जिले के वैसे चिन्हित टोला या बस्ती में विद्युत सुविधा उपलबध कराने की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति में बाधक बन रहे समस्याओं को संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दूर करने का निर्देश दिया,

### नाबालिग से दुष्कर्म, वीडियो वायरल करने की धमकी, आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के साकची थाना क्षेत्र में बुधवार को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपित ने पीड़िता को चुप रहने के लिए घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने हल्दीपोखर कारगिल निवासी मोहम्मद साबीर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के अनुसार, पीड़िता पिछले एक साल से अपने मामा के घर हल्दीपोखर जाते समय पड़ोसी साबीर के संपर्क में आई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर नियमित बातचीत होती थी। साबीर ने धीरे-धीरे पीड़िता को अपने जाल में फंसा लिया और गत एक मार्च को मिलने के बहाने उसे साकची स्थित एक ओयो होटल ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिवार को सूचना दी, जिसके बाद साकची थाना में शिकायत दर्ज की गई। पीड़िता का परिवार आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीड़िता का एमजीएम अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज किया।



# दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स। विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया



**बॉलीवुड** अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया। उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!) अपने काम के बारे में बात करते हुए, तारा हाल ही में ईशान खट्टर के साथ रोमांटिक ट्रैक प्यार आता है में नजर आईं। स्नेहा शेट्टी कोहली द्वारा निर्देशित, इस मधुर गीत को श्रेया घोषाल ने रीतो रीबा के साथ मिलकर आवाज दी है। प्यार आता है की शूटिंग कश्मीर के पहलगाम में माइनस 10 डिग्री तापमान में की गई थी।




# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है। अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नज़र आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा–मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं। नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं। उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटैबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी। द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

**जीतने पर मिली चमचमाती कार**




'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

## मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

## 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

## सोशल मीडिया यूजर्स ने क्या कहा?

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।



# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक

**बॉलीवुड** अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां कि सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी के साथ वायरल होने लगी।

वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले।

# नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग के साथ करेंगे सीजन की शुरूआत

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारत के डबल ओलंपिक पदक विजेता, भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह 2025 सीजन की शुरूआत कतर की राजधानी दोहा में 16 मई को होने वाली डायमंड लीग मीट से करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड और फिर 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहा में दुनिया के सबसे जोशिलें एथलेटिक्स दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का इंतजार कर रहे हैं। चोपड़ा ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की थी। अपने तीसरे दोहा दौरे से पहले उन्होंने कतर में भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाली भरपूर समर्थन का जिक्र किया और कहा, ह्लमैं हमेशा कतर में भारतीय लोगों से मिलने वाली तारीफों से अभिभूत हो जाता हूँ, और इसके लिए शब्दों की कमी महसूस होती है। 27 वर्षीय चोपड़ा, जिनका कोच अब चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन जान जेलेजनी हैं, ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाईयों तक पहुँचाया है। वह ओलंपिक गोल्ड और विश्व चैंपियनशिप गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग मीटिंग जीतने और डायमंड लीग टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय का गौरव भी प्राप्त किया।

हालांकि, पिछले सीजन में चोपड़ा को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक फाइनल में अर्जद नदीम से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स से भी दूसरे स्थान पर रहे।

चोपड़ा ने कहा, पिछला साल मेरे लिए बहुत कुछ सिखाने वाला था, लेकिन मुझे भारतीय ध्वज के नीचे ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर गर्व है। अब मैं पूरी तरह फिट हूं और जान जेलेजनी के साथ मेहनत कर रहा हूं। मुझे दोहा में अपने सीजन की शुरूआत का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, कतर स्पोर्ट्स क्लब में दर्शक हमेशा ही जोर से उत्साहित होते हैं, और मुझे लगता है कि यह हमारे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बाहर लाता है। मुझे पता है कि यहाँ के दर्शक मुझसे बड़ी उम्मीदें रखते हैं, और अगर अच्छे हालात और शानदार माहौल हो, तो यह संभव है। मेरे लिए स्थिरता अधिक महत्वपूर्ण है, जो मुझे लगता है कि मेरी सबसे बड़ी ताकत है, सिर्फ एक नंबर का पीछा करने से ज्यादा। दोहा मीट के बाद, चोपड़ा 24 मई को पंचकुला में 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' जेवलिन इवेंट में भी हिस्सा लेंगे।

# आईपीएल 2025 : क्रिकेट जगत के नए सुपरस्टार बने प्रियांश आर्य

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) की एक रात, जिसे प्रियांश आर्य कभी नहीं भूल पाएंगे–और शायद क्रिकेट प्रेमी भी नहीं। मंगलवार को पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 42 गेंदों में 103 रन ठोक दिए। पहली ही आईपीएल सीजन, पहला ही शतक और वह भी ऐसे अंदाज में कि सोशल मीडिया पर उनकी पारी के वीडियो वायरल होने लगे। क्रिकेट के इस महाकुंभ में यह किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा डेब्यू था।पहले ही ओवर से मचा दिया धमाल प्रियांश ने अपनी पारी की शुरूआत ही धमाकेदार अंदाज में की। मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप पॉइंट के ऊपर से छक्का जड़ा और पहले ओवर में कुल 16 रन बटोरे। शुरूआत से ही वह आक्रामक तेवरों में नजर आए और विकेट गिरने के बावजूद अपनी लय में बने रहे। उनकी 103 रनों की पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे।



**कोच ने बताया ह्यस्पेशल प्लेयर**

मैच के बाद पंजाब किंग्स के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने प्रियांश की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ह्लपहली ही प्रैक्टिस गेम में हमें पता चल गया था कि यह लड़का कुछ खास है। जब जोफ्रा आर्चर की गेंद पर आउट हुआ था, तब भी उसने माना कि वो एक बेहतरीन बॉल थी। लेकिन आज उसने दिखा दिया कि वह कितनी तेजी से सीखता है और कितना दमदार खिलाड़ी है।ह्व

**कौन हैं प्रियांश आर्य?**

प्रियांश आर्य ने 2024 में दिल्ली प्रीमियर लीग में तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने एक ही ओवर में लगातार छह छक्के जड़े थे। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज. के लिए खेलते हुए उन्होंने 120 रन बनाए थे जिसमें 10 चौके और 10 छक्के शामिल थे। उस पारी में उनकी टीम ने 308/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से आईपीएल तक का सफर**

2023-24 की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रियांश दिल्ली के टॉप रन स्कोरर रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 222 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल था जो उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 10 छक्के लगाकर पूरा किया था।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप: सुरुचि और विजयवीर ने भारत को दिलाए दो स्वर्ण

**नई दिल्ली :** ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में मंगलवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को पदक तालिका में पछाड़ दिया है। सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक डाल दिए।सुरुचि ने चीन की तीन निशानेबाजों को पछाड़ा, 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार वापसी करते हुए चीन की तीन निशानेबाजों को पीछे छोड़ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल के नौवें शॉट तक सुरुचि केवल कियान वेई से पीछे थीं, लेकिन एक दुर्लभ 8.9 स्कोर ने उन्हें चौथे स्थान पर पहुंचा दिया। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 10.7 तथा 10.8 जैसे शॉट्स के दम पर बढ़त बना ली। चार एलिमिनेशन के बाद वेई के साथ उनकी बढ़त 0.5 अंकों की थी। ओलंपिक मेडलिस्ट जियांग रैनशिन ने शूट-ऑफ में याओ कियानसुन को हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में भी सुरुचि ने 583 स्कोर के साथ टॉप किया था।

# उत्तर प्रदेश जैन तीर्थंकरों की पवित्र भूमि : मुख्यमंत्री योगी

● विश्व नमोकार महामंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की पीएम मोदी के बताए नौ संकल्पों को जीवन में उतारने की अपील

एजेंसी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रही है। अयोध्या में भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ, जो अयोध्या के राजा थे। अयोध्या में ही 5 तीर्थंकरों ने जन्म लिया। वहीं, काशी की धरती पर भी तीर्थंकर का जन्म हुआ है। हमारे तीर्थंकरों ने यहीं से धर्म और साधना की परंपरा को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। शांति, ऊर्जा, सकारात्मकता और विश्व कल्याण के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेआईटीओ) की तरफ से किया गया।मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए गए प्रेरणादायक संदेश का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक जीवन में नमोकार महामंत्र को उतारने के लिए नौ संकल्प बताए हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं और जैन धर्म की अहिंसा और परोपकार की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। नमोकार महामंत्र के महत्व को बताते हुए योगी कहा कि यह महामंत्र भौतिक, दैवीय और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के दुखों से मुक्ति दिलाने का साधन है। साधना, आत्मशुद्धि और लोक कल्याण की भावना से जुड़कर व्यक्ति न केवल स्वयं का कल्याण करता है, बल्कि समाज और दुनिया के लिए भी प्रेरणा बनता है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी 24 तीर्थंकरों का जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने अपने उपदेशों और साधना के माध्यम से जीवन जीने की एक उच्च परंपरा स्थापित की। जैन धर्म की ये शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। हर भारतीय को उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने विश्व नमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहली बार पूरी दुनिया में विश्व नमोकार महामंत्र दिवस का एक साथ आयोजन कर जैन धर्म की शिक्षाओं को वैश्विक मंच पर स्थापित किया गया है। यह सभी के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी से जैन धर्म के उपदेशों को आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधान परिषद के सदस्य डा. महेन्द्र सिंह ने भगवान महावीर के बताये रास्ते पर चलने की अपील करते हुए कहा कि नमोकार महामंत्र 84 लाख मंत्रों की जननी है। उन्होंने कहा कि विजेता बनना चाहते हैं,यशकीर्ति व वैभव प्राप्त करना चाहते हैं तो नमोकार मंत्र का जाप करें। जप तप करें व आत्मसात करें।

इस अवसर पर जैन प्रबोधनी सभा लखनऊ के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल का नमोकार महामंत्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का शरद जैन ने मंच से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जैन प्रबोधनी सभा लखनऊ के अध्यक्ष विनय जैन,मंत्री अभिषेक जैन,अतिशय जैन, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, अशोक जैन,राहुल जैन व मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# शिमला में कार से बरामद हुई 54 ग्राम हेरोइन, दम्पति सहित तीन गिरफ्तार

एजेंसी



**शिमला :** जिला शिमला में नशे की धर-पकड़ के बावजूद यहां चिट्टा सप्लाई करने और खरीदने वाले अभी भी इस काम को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले की पुलिस पिछले काफी समय से इनकी धर-पकड़ का सिलसिला जारी रखे हुए है ताकि इस की लत से भावी युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। इस कड़ी में शिमला जिला के कोटखाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए दम्पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी एक कार में सफर कर रहे थे और उनके साथ एक छोटा बच्चा भी था। पुलिस ने कार से 54.420 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार देर शाम कोटखाई थाना पुलिस द्वारा हुल्ली ब्रिज पर की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार (नंबर ढइ01ए-9829) चिट्टे की खेप के साथ कोटखाई की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही कोटखाई थाना प्रभारी अंकुश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में नाकाबंदी की और हुल्ली ब्रिज पर उक्त गाड़ी को रोक लिया। कार में दो पुरुष और एक महिला सवार थे। महिला के साथ उसकी गोद में एक छोटा बच्चा भी था। तलाशी लेने पर गाड़ी से चिट्टा बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय अभिषेक मेहरा निवासी ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड, 24 वर्षीय रोबिन सिंह निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश और उसकी 23 वर्षीय पत्नी शबाना के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि महिला और बच्चे की मौजूदगी इस पूरे तस्करी अभियान को मासूमियत का चोला पहनाने की साजिश का हिस्सा हो सकती है ताकि पुलिस को शक न हो और वे आसानी से बच निकलें। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी उत्तर भारत से नशे की खेप लाकर हिमाचल के विभिन्न हिस्सों में इसकी सप्लाई करते थे।

# ट्रंप के टैरिफ से एशिया प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजार में भूचाल

एजेंसी

**बीजिंग :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से एशिया प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजार में बुधवार सुबह भूचाल आ गया। रातभर वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई। व्हाइट हाउस की चीन पर अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा से शेयर बाजार बेजार नजर आ रहा है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने दुनिया भर के तमाम समाचार माध्यमों से जुटाई खबर में यह दावा किया है। ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 में बुधवार सुबह 1.06 प्रतिशत, जापान के निक्केई 225 में 3.14 प्रतिशत, टॉपिक्स में 3.26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.18 प्रतिशत, स्मॉल-कैप कोसडैक में 0.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 2.27 प्रतिशत गिरकर 19,670.24 पर आ गया। चीन में बुधवार सुबह प्रमुख सूचकांकों में मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत गिरकर 3,124.19 अंक, शेनझेन कंपोनेंट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत गिरकर 9,409.48 अंक पर आ गया। इससे पहले मंगलवार को एसएंडपी 500 में गिरावट आई और यह करीब एक साल में पहली बार 5,000 अंक से नीचे बंद हुआ। दो अप्रैल को अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ व्यापक टैरिफ की घोषणा से एसएंडपी 500 ने बाजार मूल्य में 5.83 ट्रिलियन डॉर का नुकसान उठाया है। यह 1950 के दशक में सूचकांक के निर्माण के बाद से चार दिनों में सबसे अधिक नुकसान है। मंगलवार को एप्पल के शेयरों में 4.98 प्रतिशत की गिरावट आई।

# ठाणे में उल्हास नदी की लिली से गृहणियों ने बनाए उपहार



एजेंसी

**मुंबई :** ठाणे जिले में उल्हासनगर में स्थित उल्हास नदी में साफ सफाई के वक्त मिल रहे जल लिली का उपयोग करके गृहणी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ठाणे जिला परिषद ने उपहार बनाने की योजना बनाई है।इस उद्देश्य से 8 अप्रैल 2025 को जलग्रहण प्रबंधन के उद्देश्य से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोडे की मुख्य उपस्थिति तथा अध्यक्ष अजय बहुउद्देशीय संगठन की प्रबंधक स्वाति धोतकर के मार्गदर्शन में म्हारल, कबन तथा वराप में जलग्रहण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। आज जिला ग्रामीण विकास ऐजेंसी योजना निदेशक छायादेवी शिशोदे ने आज बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के विशेष मार्गदर्शन में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उल्हास नदी से प्राप्त जल लिली से विभिन्न उपहार तैयार करने की योजना पर काम चल रहा है। 'वीड टू वेल्थ' परियोजना स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने तथा उनकी विभिन्न प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। बताया जाता है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जल लिली का उपयोग करने वाले उद्योगों और व्यवसायों के बारे में चर्चा की गई तथा महिलाओं को जल लिली से बनी संरचनाएं दिखाई गईं। महिलाओं को रोजगार सृजन के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। इस यात्रा के दौरान अंबरनाथ तहसील के ढोके, दपीवली और साई ग्राम पंचायतों की नदियों का दौरा करके भी जानकारी एकत्रित की गई है।

## कल से पांच दिन लगातार छुट्टियां, सरकारी दफ्तर रहेंगे बंद

**जयपुर :** राजस्थान में दस अप्रैल से अगले पांच दिन तक लगातार सरकारी दफ्तरों में ताले लटके नजर आएंगे। लगातार पांच दिन के अवकाश हैं। वहीं स्कूलों में एक दिन का अवकाश लेने पर पांच दिन तक लगातार अवकाश मिल सकेंगे। इनमें 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 11 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, 12 को शनिवार, 13 को रविवार और 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती का अवकाश रहेगा। इस तरह लगातार पांच अवकाश एक साथ मिल रहे हैं। हालांकि स्कूलों में शनिवार (12 अप्रैल) का अवकाश नहीं है। लेकिन, एक दिन का अवकाश लेने के बाद यहां भी लगातार पांच दिन का अवकाश मिल सकता है। सरकारी कर्मचारियों ने लगातार पांच दिन का अवकाश मिलने के कारण घूमने-फिरने की प्लानिंग कर ली है। वे इन पांच दिनों में कई धार्मिक व पर्यटन स्थलों की सैर पर निकल सकते हैं। अप्रैल में पांच दिन के अवकाश के बाद एक बार फिर तीन दिन का लम्बा वीकेंड आएगा। कई लोग इसमें भी घूमने-फिरने का प्लान कर रहे हैं। यह वीकेंड 18, 19 व 20 अप्रैल को रहेगा। इनमें 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 19 को शनिवार व 20 को रविवार रहेगा।

# वक्फ कानून को लेकर एनसी विधायकों का विरोध जारी, सदन की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी



**श्रीनगर :** विधानसभा में बुधवार को उस समय हंगामा देखने को मिला जब भाजपा विधायक बेरोजगारी पर अपने स्थगन प्रस्ताव को खारिज किए जाने के विरोध में सदन के वेल में आ गए। इसके साथ ही एनसी विधायकों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर अपना विरोध जारी रखा। इस सब के बीच स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 1:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया और एनसी विधायकों ने स्पीकर से वक्फ कानून पर चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया। एनसी विधायकों के विरोध के बीच स्पीकर ने बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को खारिज करने की घोषणा की। स्पीकर ने कहा कि मैंने स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया है क्योंकि यह तत्काल प्रकृति का मामला नहीं है। स्पीकर की घोषणा के बाद भाजपा विधायकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और एनसी विधायकों पर नाटक करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायकों ने नारे लगाए, ये ड्रामाबाजी बंद करो। विरोध के बीच एनसी विधायक नजीर गुरेजी ने स्पीकर से वक्फ बिल पर चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया ताकि वे मुसलमानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। गुरेजी ने भाजपा के विरोध कर रहे विधायकों पर चिल्लाते हुए कहा कि वह हिंदू और मुसलमानों को बांटना चाहते हैं। उन्हें लोगों को बताना चाहिए कि उन्होंने बेरोजगार युवाओं को कितनी नौकरियां दी हैं। विरोध के बीच भाजपा विधायक सदन के वेल में घुस गए और वहीं धरना देने लगे। इस सब के बीच स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 1:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# सराफा बाजार में सोने में तेजी, चांदी की घटी चमक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोने की कीमत में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज महंगा होकर 90,440 रुपये से लेकर 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,900 रुपये से लेकर 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट आई है। इस वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 90,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 90,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसरी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## असम के 47 रेलवे स्टेशन बन रहे हैं 'अमृत भारत स्टेशन'

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने जानकारी दी है कि राज्य के 47 रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद ये स्टेशन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे, खासतौर पर दिव्यांग यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव अधिक सहज और आरामदायक होगा। इन स्टेशनों पर निशुल्क वाई-फाई, आधुनिक किओस्क और आरामदायक वेटिंग हॉल जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे यात्रियों को उच्चस्तरीय सेवाएं मिल सकेंगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भाजपा नेता सुंदरराजन के पिता वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी अनंथन का 93 वर्ष की आयु में निधन

**चेन्नई :** तमिलनाडु में भाजपा नेता तमिलिसाई सुंदरराजन के पिता वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी अनंथन का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और द्रमुक सांसद कनिमोझी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचीं। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने भी कुमारी अनंथन को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन से तमिलनाडु में एक राजनीतिक युग का अंत हो गया। गहरी साहित्यिक अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाने वाले कुमारी अनंथन के निधन से यहां के राजनीतिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। तमिलिसाई सुंदरराजन ने अपने पिता कुमारी अनंतन के निधन पर भावनात्मक नोट लिखा है । एआईएडीएमके और तमिलनाडु कांग्रेस ने शोक जताया है। कांग्रेस ने कहा कि कुमारी अनंथन वरिष्ठ नेता और महान साहित्यकार थे। उन्हें ईमानदारी, जनता के प्रति समर्पण और तमिल साहित्य के प्रति उनके गहन योगदान को याद किया। वैचारिक मतभेदों के बावजूद सांसद कनिमोझी करुणानिधि तमिलसाई सुंदरराजन के निवास पर अपनी व्यक्तिगत संवेदना व्यक्त करने पहुंचीं। डीएमके, पीएमके और अन्य क्षेत्रीय दलों के दिग्गज नेताओं ने भी दुख व्यक्त किया है।

### गुरमीत राम रहीम 21 दिन के फरलो पर जेल से बाहर

**रोहतक:** हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में दुष्कर्म और हत्या के मामले में 20 साल की सजा काट रहा डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम बुधवार सुबह एक बार फिर 21 दिन के फरलो पर सलाखों के पीछे से बाहर आ गया। राम रहीम इस अवधि में सिरसा डेरे में ही रहेगा। सुबह करीब साढ़े छह बजे वह कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से सिरसा रवाना हुआ। इससे पहले वह 28 जनवरी 2025 को 30 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आया था। तब उसने पैरोल के 10 दिन सिरसा डेरा और 20 दिन यूपी के बरनावा में काटे थे। बताया जा रहा है कि राम रहीम डेरे के स्थापना दिवस के 77वें समारोह में शामिल होगा। सिरसा डेरे को डेरा सच्चा सौदा के नाम से जाना जाता है। इसकी स्थापना 29 अप्रैल 1948 को संत शाह मस्ताना ने की थी। 25 अगस्त 2017 को दो साध्वियों के यौन शोषण केस में राम रहीम को 20 साल की सजा हुई। इसके बाद 17 जनवरी 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उम्रकैद हुई। सुनारिया जेल में बंद राम रहीम पैरोल और फरलो लेकर अब तक 12 बार बाहर आ चुका है। यह 13वां मौका है, जब राम रहीम जेल से बाहर आया। डेरा सच्चा सौदा पहुंचकर राम रहीम ने संगत के नाम वीडियो जारी करते हुए कहा कि वह एक बार फिर से संगत के बीच में आए हैं। समूह संगत को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। यह साईं की सेवा का महीना है। इसमे सेवा करनी है। राम रहीम ने संगत से अपील की है कि वह घरों में रहे और डेरे की प्रबंधन समिति के निर्देश का पालन करे।

### महावीर जयंती पर ममता बनर्जी का संदेश: भले ही गोली मार दी जाए, एकता के मार्ग से नहीं हटेंगे

**कोलकाता :** महावीर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सौहार्द्र और एकता का संदेश दिया। नेताजी इंडोर स्टेडियम में बुधवार को जैन समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, भले ही गोली मार दी जाए, फिर भी हम एकता के मार्ग से नहीं हटेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने भाषण में कहा कि देश की शक्ति एकता में निहित है। अगर समाज में विभाजन फैलाया गया, तो देश कमजोर पड़ जाएगा। उन्होंने सभी समुदायों से मिलजुल कर रहने और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यह भी कहा कि विविधताओं से भरे इस देश में धर्म, जाति और भाषा के नाम पर किसी भी प्रकार का विभाजन देश के विकास में बाधा बन सकता है। इसलिए एकजुट रहना और एक-दूसरे का सम्मान करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में जैन समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ममता बनर्जी ने जैन धर्म के अहिंसा और सत्य के संदेश की भी सराहना की और कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

### जंगीपुर में हालात का जायजा लेने जाएंगे विधायक जाकिर हुसैन, मुख्यमंत्री ने दिए खास निर्देश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार शाम से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस बीच, मुख्यमंत्री के निर्देश पर तृणमूल विधायक जाकिर हुसैन आज ही जंगीपुर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेंगे। हालात को नियंत्रण में लाने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इसके साथ ही इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रघुनाथगंज और सूती क्षेत्रों में अब भी तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

इधर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस महानिदेशक ने मुर्शिदाबाद और जंगीपुर के शीर्ष अधिकारियों से बात की है। हालात को नियंत्रित करने के लिए हर एक कानूनी सख्ती को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि मंगलवार की शाम प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार टकराव हुआ। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दो पुलिस वाहनों में आग लगा दी और कई घरों में तोड़फोड़ की। जवाबी कार्रवाई में आनंद राय के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति पर नियंत्रण पाया। पुलिस ने जानकारी दी है कि फिलहाल हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो गया है और भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया है। अफवाह फैलाने या हिंसा भड़काने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। अब तक कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उधर, हालात पर चिंता जताते हुए राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने बयान जारी कर कहा कि हिंसा को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान शांति से हुए आयोजन ने साबित कर दिया था कि प्रशासन हिंसा पर नियंत्रण करने में सक्षम है और आम जनता भी शांति चाहती है। राज्यपाल ने राज्य सरकार से सख्त कदम उठाने की सलाह दी है।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने देवीपुर पंचायत अखनूर की मुख्य सड़क पर मैकडैमाइज़ेशन कार्य शुरू किया

**जम्मू :** क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रछपाल सिंह जम्वाल ने आज आधिकारिक तौर पर मुख्य देवीपुर रोड से राम मंदिर तक सड़क मार्ग पर मैकडैमाइजेशन कार्य की शुरूआत की। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा इस लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क सुधार परियोजना का उद्देश्य स्थानीय निवासियों खासकर राम मंदिर क्षेत्र में रोजाना आने-जाने वालों के लिए कनेक्टिविटी और यात्रा को आसान बनाना है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष ने बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए कांग्रेस-एनसी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित परियोजना के समाधान के लिए डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी जी को धन्यवाद दिया।

न्यूज ब्रीफ

## गुमला डीसी ने भरनो अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**गुमला :** गुमला जिला में आम जनता को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा आज अंचल कार्यालय,भरनो का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय में संचालित कार्यों की गहन व विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त गुमला ने कार्यालय कक्ष में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज,सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए दाखिल खारिज के लंबित आवेदन ,भूमि सीमांकन, दर निर्धारण, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामले एवं अन्य मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण लंबित न रखे, प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नहीं है, तो आवश्यक रूप से कारण लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताए मामलों को रिजेक्ट नहीं करें।

उपायुक्त ने आम जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। इस दौरान उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से भी बातचीत की और उनके समस्याओं को सुनकर, समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता शैलेन्द्र बड़ाईक, एलआरडीसी राजीव कुमार ,अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, आईटी मैनेजर राजीव रौशन, लिपिक विष्णु चरण भगत एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले से घायल भाजपा मंडल के महामंत्री की मौत

**बासुकीनाथ :** मंगलवार को जरमुंडी थाना क्षेत्र के बलाथर गांव में मधुमक्खियों के झुंड के हमले से गंभीर रुप से घायल दिवाकर राणा (यादव) की दर्दनाक मौत हो गई । दिवाकर राणा जरमुंडी प्रखंड के भाजपा मंडल के महामंत्री थे। उनके देहांत की खबर सुनकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कांत प्रसाद सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकताओं ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। मंगलवार को सुबह दिवाकर अपने घर में घरेलू काम कर रहा था कि मधुमक्खियों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से वह घबराकर वह बाहर की तरफ भागा लेकिन गुस्साए मधुमक्खियों ने अपने डंको से उसे बुरी तरह से घायल कर दिया । गंभीर रुप से घायल दिवाकर को उसके परिजनों ने रेफरल अस्पताल जरमुंडी ईलाज के लिए लाया । जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए दुमका रेफर कर दिया । ईलाज के दौरान गंभीर रुप से घायल दिवाकर यादव की फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई । अंत्य परीक्षण के बाद मृतक की लाश को पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया । दिवाकर की असमय मौत से उसके घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## एसकेएमयू: यूजी सेमेस्टर-3 का रिजल्ट जारी

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने मंगलवार को यूजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। यह परीक्षा 28 जनवरी से 11 फरवरी 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 21,916 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

कॉमर्स संकाय के छात्रों में 78।31 फीसदी ने सफलता प्राप्त की, जबकि आट्र्स संकाय के 19,017 छात्रों में से 62।92 फीसदी छात्र सफल हुए। फिजिकल और नेचुरल साइंस संकाय में 1,595 छात्रों में से 66।58 फीसदी ने परीक्षा पास की, वहीं गणित संकाय के 700 छात्रों में से 61।57 फीसदी छात्र सफल रहे।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ।जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षा परिणाम बुधवार से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। सभी विद्यार्थी अपनी परिणाम की जानकारी वेबसाइट पर जाकर देख सकतें है।

## पोटका में 3 दिवसीय हरिनाम संकीर्तन शुरू

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका के पिछली गांव में राधा गोविंद सेवा समिति का तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन मंगलवार को शुरू हुआ। उद्घाटन कांग्रेस के जिला महामंत्री अजय मंडल ने किया ने किया। उन्होंने कहा हरिनाम संकीर्तन से पापों से मुक्ति मिलती है। शांति व प्रेम के लिए भगवान का भजन कीर्तन छोड़कर और कोई उपाय नहीं है। श्री चैतन्य महाप्रभु ने भी कलयुग में हरिनाम संकीर्तन को भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल व प्रभावी साधन बताया है। हरिनाम संकीर्तन शुरू होने से पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा गोविन्द सेवा समिति के अजय मंडल, सरोज साहू, हिमांशु मंडल, धर्मेंद्र सरदार, अजीत भगत, पंकज भगत, डॉ रवींद्र भगत, श्रीकांत भगत, देवाशीष बनर्जी, रतनलाल भगत, मेघलाल भगत, सामंतो भगत, शांतिराम भगत आदि जुटे हुए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन 24 व 25 को सिलीगुड़ी में

**जमशेदपुर :** अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन 24 व 25 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में होगा। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद की ओर से किया जा रहा है। इसकी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश मुर्मू ने बताया कि 24 अप्रैल को सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस मौके पर वह सखुआ का पौधरोपण भी करेंगी।

इस बीच परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल नरेश मुर्मू के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में रहने वाले पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सांसद खेरवाल सोरेन से मिला और उन्हें निमंत्रण पत्र सौंप कर कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया। नरेश मुर्मू ने सांसद खेरवाल सोरेन से आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति, लिपि, साहित्य समेत अन्य मुद्दे पर विचार-विमर्श किया।

# सिसई क्षेत्र में जंगली हाथी ने दूसरे युवक को मौत के घाट उतारा

### ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे और हाथी को भगाने कि मांग की



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई छारदा पत्रा जंगल में एक आक्रोशित और बिगड़ैल हाथी का आतंक जारी , उक्त क्षेत्र में उक्त हांथी ने रविवार को एक वृद्ध व्यक्ति को भी मौत के घाट उतार चुका है और अब दुसरे युवक महफूज अंसारी को अपने सर से पटक कर और पर से कुचलकर मौत के घाट उतार चुका हैं , बताया जाता है कि छारदा पत्रा में एक जंगली की उपस्थिति का समाचार मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर पहुंचकर अपने अपने मोबाइल से रिल बनाने लगे और फोटो खींचने लगें इसी क्रम में उक्त हांथी एकाएक उग्र होकर ग्रामीणों के झुंड में हमला बोल दिया , फलस्वरूप उक्त घटनास्थल पर भगदड़ मच गई और महफूज अंसारी नामक एक युवक दौड़ कर भागने लगा और वह एक पेड़ से टकराकर गिर गया इसी क्रम में उक्त खूंखार बिगड़ैल हांथी ने महफूज अंसारी को अपने सूंढ से उठाकर पटक दिया और अपने पैर से कुचल दिया , बाद में उक्त हाथी के जंगल में घुसने के बाद उपस्थित लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिये महफूज अंसारी को उठाकर सिसई रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, उक्त सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , अपने दल बल के साथ रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और आज महफूज अंसारी के शव को पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

# क्या हम मानवता और संवेदना खो चुके हैं

बिनय मिश्रा



झारखंड की राजधानी रांची अंतर्गत टाटी सिल्वे इलाके में एक बेजुबान कुत्ते की गोली मारकर इसलिए हत्या कर दी गई की ठेकेदार और संवेदक के रूप में कार्य करने वाले प्रदीप पांडे को सड़क पर विचरण कर रहा वह कुत्ता अच्छा नहीं लगा और उन्होंने अपने राइफल से गोली चलाकर इस कुत्ते को खामोश कर अपनी ताकत का एहसास कराया धन्य है ऐसे व्यक्ति जो बेजुबान पशु के विरुद्ध ऐसा व्यवहार और आचरण करते हैं आरोपी प्रदीप पांडे ने घटना को अंजाम देकर शर्मोसार हुए हैं साथ ही साथ इन पर कानूनी शिकंजा भी कसा है टाटा सिल्वे इलाके में सड़क पर विचरण कर रहा बेजुबान कुत्ते को प्रदीप पांडे नामक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर उसे मार डाला जो निश्चित तौर पर मानवता और संवेदना का एक दुखद परिचायक है हालांकि पशु सुरक्षा एनजीओ के संचालक शिव शंकर के शिकायत पर थाना में मामला दर्ज किया गया और प्रदीप पांडे को गिरफ्तार भी किया गया।

अब प्रश्न यह उठता है कि हम बेजुबान पशु पर अपनी शौर्य और पराक्रम प्रदर्शित कर क्या संदेश देना चाहते हैं क्या बेजुबान पशु सड़क पर विचरण करने के अधिकारी नहीं है या फिर यह बेजुबान पशु पर अपनी शौर्य प्रदर्शित करने का राइफल सुलभ तरीका है गौरतलब हो कि पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत भारतीय कानून में कुत्ते की हत्या या उसे नुकसान पहुंचने पर सजा का प्रावधान है इस क्रम में 2 साल तक की सजा और जुर्माना का भी प्रावधान है।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर डीडीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों के आयें नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

डुमरी प्रखंड के मँझगांव पंचायत अंतर्गत कोठी गांव के ग्रामीण द्वारा आवेदन दिया गया कि उनके गांव में लगभग 87 लोगों का आधार कार्ड अपडेट करवाना है , इस कार्य हेतु गांव में एक शिविर का आयोजन किया जाए। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए हैं।

जैरागी पंचायत अंतर्गत गालू गांव में कच्ची सड़क है ,जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है , गांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु आवेदन दिया गया , इस समस्या को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।ग्राम पंचायत पुगु के विजयनगर टोला में लगभग 18 परिवार निवास करते हैं। इस टोले में पेयजल की समस्या है। इस टोले में नल-जल योजना अंतर्गत चापाकल लगवाने हेतु आवेदन दिया गया। इस संबंध में जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमअतिक्रमण,रोजगार,मईया सम्मान योजना की राशि,राशन नहीं मिलने की समस्या,सड़क,नाली, डीप बोरिंग, दिव्यांग हेतु बैटरी चालित साइकिल,राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी, हाई टेंशन बिजली का तार हटाने हेतु आवेदन आये। आज उप विकास आयुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

# मां दुर्गा की प्रतिमा का शिवगंगा में हुआ विसर्जन



मेट्रो रेज संवाददाता

**बासुकीनाथ :** शिवनगरी बासुकीनाथ धाम में मंगलवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का बाजे गाजे के साथ बासुकीनाथ शिवगंगा सरोवर में देर शाम में विसर्जन किया गया । मौके पर मौजुद सैकड़ों नगर वासियों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मां दुर्गा को विदाई दिया । उसके पहले दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंदिर के वेदी से नेम निष्ठा से उतार कर रखा गया । जहां दर्जनों सुहागिनों ने मां दुर्गा को सिंदुर पहनाया और परंपरा के अनुसार खोईछा दिया । मां दुर्गा मैया के विसर्जन के अवसर पर दुर्गा मंदिर के समीप मेले का आयोजन हुआ । जिसमें सैकड़ों बच्चों,महिलाओं एवम बुजुर्गो ने भाग लिया । मेले में आए सभी लोगों ने जायकेदार एवम सुरुचिपूर्ण खाद्य सामग्रियों का आनंद लिया । चाट,पकौड़े,चाउमीन,पानीपुरी,चनाचुर एवम विभिन्न तरह के आइसक्रीम का मजा मेले में आए बच्चों,बुजुर्गो ने लिया । बासुकीनाथ चैती दुर्गा पूजा एवम आश्विन मास में दशहरा दुर्गा पूजा में प्राचीन दुर्गा मंदिर के समीप मेले का आयोजन होता है । जिसमें नगर निवासियों सहित आसपास के गांव के लोग भी अपने अपने परिजनों के साथ मेला देखने आते हैं । मेला में मिट्टी से बने विभिन्न तरह के खिलौने की बिक्री भी खूब होती है।

# जापान में बजेगा पाइका नृत्य का डंका

मेट्रो रेज संवाददाता

**सरायकेला :** जापान के ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो में झारखंड के परंपरागत लोकनृत्य पाइका का डंका बजेगा। अंतरराष्ट्रीय छऊ व पाइका नृत्य कलाकार और झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव प्रभात कुमार महतो मंगलवार को जापान के ओसाका के लिए रवाना हो गए। संगीत नाटक अकादमी (भारत सरकार) की ओर से देश भर से 25 कलाकारों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भेजा जा रहा है। झारखंड से प्रभात कुमार महतो का चयन किया गया है। वे ईचागढ़ प्रखंड के चोगा गांव के रहने वाले हैं।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव सह अंतरराष्ट्री कलाकार प्रभात कुमार महतो मंगलवार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची से सेवा विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। नई दिल्ली में 8 से 10 अप्रैल तक रिहर्सल होगा। इसके बाद सभी कलाकार 10 अप्रैल को नई दिल्ली से जापान के लिए प्रस्थान करेंगे। यह सांस्कृतिक दल 11 अप्रैल को जापान पहुंचेगा। जापान के ओसाका में 12 से 19 तक पूरी दुनिया से जुटे लोगों के समक्ष नृत्य का प्रदर्शन होगा।

**कई देशों में कला का प्रदर्शन कर चुके हैं प्रभात**

ईचागढ़ के प्रभात कुमार महतो के लिए विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुति का यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी उन्होंने ताइवान, भूटान, हांगकांग आदि देशों में नृत्य का प्रदर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, झारखंड लोक कलाकार संघ की उपाध्यक्ष सह कुड़ुख लोक कलाकार अनीता उरांव व नागपुरी के वरिष्ठ लोक कलाकार सुनील कुमार महतो ने उन्हें नई दिल्ली के लिए रवाना किया।

# चांडिल से लूटी गई स्कॉर्पियो दो घंटा में बरामद, एक गिरफ्तार

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल की पुलिस ने लूट की घटना के दो घंटे के अंदर लूटी गई स्कॉर्पियो रांची जिले के तमाड़ से बरामद कर ली है। पुलिस ने लूटकांड में शामिल एक आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। घटना की जानकारी देते हुए चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि सोमवार की शाम दूरभाष पर सूचना मिली कि चांडिल थाना क्षेत्र के बिरीगोड़ा में दो अपराधी स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे हैं। चांडिल थाना प्रभारी ने इसकी सूचना तत्काल जिले के एसपी को दी। एसपी ने तुरंत टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

पुलिस की टीम तत्परता से कांड का उद्भेदन करते हुए लूटी गई स्कॉर्पियो को तमाड़ थाना क्षेत्र से दो घंटे के अंदर बरामद कर लिया। इसके साथ ही लूट में शामिल एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक समीर अंसारी रांची जिले के ओरमाझी थाना क्षेत्र के करमाटोली का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि दो युवकों ने उक्त स्कोर्पियों को पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) से मानगो (जमशेदपुर) जाने के लिए भाड़े पर लिया था। पारडीह पहुंचने पर रामनवमी जुलूस में रोड जाम रहने का झांसा देकर बदमाशों ने चालक को कांदरबेड़ा होते हुए मानगो जाने के लिए कहा। उसी दौरान एनएच 33 पर बिरिगोड़ा के पास बदमाशों ने चालक के साथ मारपीट कर स्कॉर्पियो लूट ली थी।

# हम मिलकर सभी समस्याओं का समाधान करेंगे : कुलपति

मेट्रो रेज संवाददाता



**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में मंगलवार को सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ आयोजित की गई। इस बैठक में प्रत्येक महाविद्यालय के प्रचार्यों ने अपने-अपने संस्थान की समस्याओं से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि इस तरह की बैठक लंबे समय बाद विवि स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालयों के प्रचार्य अपने संस्थान से जुड़ी सभी समस्याओं को खुले तौर पर विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष रख सके। बैठक के दौरान यह सामने आया कि विभिन्न महाविद्यालयों में कई महत्वपूर्ण समस्याएँ हैं, जिनका समाधान विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाना आवश्यक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

बैठक में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ। राजीव ने प्राचार्यों को छुट्टियों का व्यवस्थित लेखा, सेवा पुस्तिका का अद्यतन, कॉलेज परिसर में साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था सुधारने के लिए पहल करने का निर्देश दिया।

वित्त अधिकारी, डॉ। संजय कुमार सिन्हा ने सभी प्राचार्यों से कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए समय पर सैलरी क्लेम भेजने की अपील की।

विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) ने छात्रों के लिए सुलभ नामांकन और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज स्तर पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे छात्रों को बार-बार विश्वविद्यालय दौड़ने की आवश्यकता न हो। इसके साथ ही, नव-नामांकित छात्रों के लिए काउंसलिंग, मॉनिटरिंग और इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया।

परीक्षा नियंत्रक, डॉ। जयकुमार शाह ने प्राचार्यों को समय पर आंतरिक परीक्षा आयोजित करने, आंतरिक अंक भेजने, और मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को समय पर रिलीव करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि परीक्षा के दौरान छात्रों से सही तरीके से ओएमआर शीट भरवाया जाए।

सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गईं और जिनका समाधान तुरंत संभव था, उन्हें हल किया गया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कुलपति, प्रो। बिमल प्रसाद सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। कुलपति ने बैठक के अंत में कहा, ₹आप सभी इस विश्वविद्यालय की रीढ़ हैं, और हम मिलकर सभी समस्याओं का समाधान करेंगे।₹ उन्होंने सभी प्रचार्यों को कार्य व्यवस्था को सुधारने का दिया निर्देश दिया।

बैठक में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ। जैनेंद्र यादव, वित्त सलाहकार बृजनंदन ठाकुर, प्रॉक्टर सह रजिस्ट्रार डॉ। राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ। संजय कुमार सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ। जय कुमार साह, सीसीडीसी डॉ। अब्दुस सत्तार, वित्त सलाहकार डॉ। बृजनंदन ठाकुर समेत अन्य अधिकारी व विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य मौजूद थे।